




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 37 अंक 05 | कोरबा, शनिवार ,दिनांक 04 अक्टूबर 2025 डाक 05 अक्टूबर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा** — सीट बंटवारे पर टिका महागठबंधन जिद से बढ़ सकती हैं मुश्किलें



**देश-विदेश** — जेल पहुंचते ही सामने आई अली अहमद की ऐसी तस्वीर दंग रह गए अधिकारी, पूर्व IPS के दावे से मचा हड़कंप



**कोरिया पेज** — गांवों की धड़कन सुनने कलेक्टर चंदन ने लगाई चौपाल, गांधी-शास्त्री के कार्य पर चर्चा




## बरेली में सपा डेलीगेशन की नो एंट्री

# माता प्रसाद हाउस अरेस्ट, एमपी बर्क के घर पुलिस, इकरा और मलिक को भी रोका



**लखनऊ, 04 अक्टूबर [एजेंसी]।**

यूपी के बरेली में 26 सितंबर को हुए बवाल के बाद हालात तनावपूर्ण हैं। इसी बीच समाजवादी पार्टी के नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय समेत कई सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल आज बरेली जाने वाला था। लेकिन बरेली के जिला मजिस्ट्रेट ने पुलिस आयुक्त लखनऊ और अन्य जिलों के पुलिस अधीक्षकों को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि बिना इजाजत के कोई भी राजनीतिक प्रतिनिधि बरेली नहीं आएगा। इस पत्र के बाद पुलिस अलर्ट हो गई। इसको लेकर पुलिस नेता प्रतिपक्ष को नोटिस दिया साथ ही उनके आवास पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया। लखनऊ में नेता विपक्ष माता प्रसाद पांडे के आवास के बाहर भारी पुलिस तैनाती है। माता प्रसाद पांडेय को हाउस अरेस्ट कर लिया गया है। वहीं, सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के घर के बाहर पुलिस बल तैनात है। सपा के अन्य सांसद हरेंद्र मलिक, इकरा हसन और मोहिबुल्लाह के भी बरेली जाने की संभावना थी, लेकिन सभी को रोक लिया गया है। उत्तर प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता और सपा विधायक माता प्रसाद पांडे ने शनिवार को कहा कि पुलिस ने उन्हें और समाजवादी पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल को बरेली जाने से रोक दिया है, जहां हाल ही में हुए आई लव मोहम्मद विवाद के बाद बवाल हुआ था। नेता प्रतिपक्ष पांडे ने कहा कि स्थानीय पुलिस ने उन्हें एक नोटिस दिया है, जिसमें उन्हें घर पर ही रहने और बरेली न जाने का निर्देश दिया गया है। मेरे नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल वहां (बरेली) जा रहा था।

उन्होंने कहा कि पत्र अगर कलेक्टर ने लिखा होता, तो मैं उसे स्वीकार कर लेता। फिर, बरेली के डीएम का एक पत्र आया है। उन्होंने यह भी कहा कि आपके आने से यहां का माहौल खराब होगा, इसलिए आपको यहां नहीं आना चाहिए। पांडे ने आगे कहा कि अपनी कमियों को छिपाने के लिए, वे हमें वहां नहीं जाने दे रहे हैं। अब हम अपनी पार्टी सदस्यों से बात करेंगे और उसके अनुसार निर्णय लेंगे।

## बॉम्बे हाईकोर्ट की बड़ी कार्रवाई, भ्रष्टाचार के आरोपी दो जजों को किया निलंबित

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धनंजय निकम और सिविल जज इरफान शेख को कदाचार और भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते निलंबित कर दिया है। दोनों जजों को बर्खास्त करने का फैसला एक अनुशासन समिति द्वारा की गई जांच के बाद लिया गया। निकम पर रिश्वत लेने का आरोप है, जबकि शेख पर भ्रष्टाचार और जब्त किए गए मादक पदार्थों का दुरुपयोग करने का आरोप है। इरफान शेख नारकोटिक ड्रग्स और सायकोट्रॉपिक सब्स्टेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामलों की सुनवाई करते थे। शेख के खिलाफ हाईकोर्ट में एक याचिका अभी भी लंबित है।

## ऑपरेशन सिंदूर पर वायुसेना प्रमुख के खुलासे के बाद बोले सिंघवी - पाक दुष्प्रचार के सामने भारतीय तथ्य ज्यादा ताकतवर



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने भारतीय वायुसेना प्रमुख एपी सिंह के खुलासे के बाद कहा है कि भारतीय तथ्य पाकिस्तानी दुष्प्रचार से ज्यादा जोरदार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जब भारत उड़ान भरता है, तो झूठ जमीन पर गिर जाता है। अभिषेक मनु सिंघवी की यह प्रतिक्रिया भारतीय वायुसेना के प्रमुख एपी सिंह के उस खुलासे पर आई है, जिसमें उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के एफ-16 और जे-17 लड़ाकू विमानों को मार गिराने का दावा किया। राज्यसभा सांसद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारतीय तथ्य पाकिस्तानी दुष्प्रचार से ज्यादा जोरदार हैं। जैसा कि भारतीय वायुसेना प्रमुख ने पुष्टि की है, पाकिस्तान के शीर्ष हथियार एफ-16 और जे-17 उनके झूठे बयानों से भी तेजी से गिरे। जब भारत उड़ान भरता है, तो झूठ जमीन पर गिर जाता है। हालांकि, इससे पहले कांग्रेस के नेता अजय राय ने सवाल उठाए थे। पार्टी के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने आईएएनएस से कहा, लोगों और मीडिया को बार-बार बयान और स्पष्टीकरण देने की कोशिशें क्या दर्शाती हैं, कुछ तो गड़बड़ है। प्रधानमंत्री को देश के सामने तथ्य रखने चाहिए और इस मुद्दे को हमेशा के लिए सुलझाना चाहिए। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सेना पर कहर बरपाया। चार दिनों तक चले सैन्य संघर्ष के दौरान अमेरिका निर्मित एफ-16 और चीन निर्मित जे-17 समेत उसके कई लड़ाकू विमान नष्ट कर दिए गए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी बेस पर खड़े 4 से 5 एफ-16 लड़ाकू विमान भी इस दौरान निशाने पर आए। राजधानी में 93 वें वायुसेना दिवस समारोह में बोलते हुए वायुसेना प्रमुख ने उन खबरों को भी खारिज किया कि पाकिस्तान के जवाबी हमलों में भारतीय विमान गिराए गए। इन्हें पाकिस्तान के दावों को अपने ही नागरिकों को गुमराह करने के लिए किया गया दुष्प्रचार बताया।

## दीपावली पर पंजाब को दहलाने की साजिश... सेना से बर्खास्त कमांडो सहित चार गिरफ्तार, आईएसआई से निकला कनेक्शन



**अमृतसर 04 अक्टूबर।** पुलिस ने सेना से बर्खास्त कमांडो व उसके दो साथियों को चार ग्रेनेड, एक ग्लॉक पिस्टल, एक मैगजीन और 15 कारतूस के साथ गिरफ्तार कर एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम किया है। आरोपितों से पूछताछ में पता चला है कि कि वे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के अलावा विदेश में रहते खालिस्तान कमांडो फोर्स (केसीएफ) के आतंकी कुलवंत सिंह कंता और बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के आतंकी हरविंदर सिंह रिंदा के लिए काम करते थे। इनकी योजना दीपावली में बड़ी घटना को अंजाम देना था। उन्होंने बताया कि उनके अलावा सीमावर्ती इलाके में रहने वाले दर्जनों युवक दोनों आतंकियों के संपर्क में हैं। उनसे पूछताछ के बाद पुलिस अब इन युवकों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।

## सीट बंटवारे पर घमासान! जेडीयू की पारंपरिक सीट पर लोजपा का दावा पक्का, एचएएम भी ठोक रही ताल




**गयाजी।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की अधिसूचना से पहले एनडीए घटक दलों में सीट बंटवारे की सुगबुगाहट तेज हो गई है। गयाजी जिले की 10 विधानसभा सीटों में लोजपा (रामविलास) ने इस बार दो सीटों में अतरी और बोधगया पर अपनी सशक्त दावेदारी पेश कर माहौल गरमा दिया है। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि 2020 में परिस्थितियां अलग थीं, पर इस बार संगठन और जनाधार दोनों मजबूत स्थिति में हैं। वहीं, अतरी विधानसभा क्षेत्र से जेडीयू की भी मजबूत दावेदारी है। साथ ही हम पार्टी भी दावेदारी कर रही है। बोधगया विधानसभा भाजपा की पारंपरिक सीट है, लेकिन 2020 में हार मिलने के बाद लोजपा (रामविलास) के साथ हम (से.)पार्टी भी दावेदारी ठोक रहे है। अब जबकि गठबंधन की एकजुटता पर ज़ोर दिया जा रहा है, लोजपा (रामविलास) ने रणनीतिक तरीके से अतरी सीट को प्राथमिक लक्ष्य घोषित किया है। यह सीट पहले जेडीयू के खाते में थी, जहां महागठबंधन से राजद उम्मीदवार ने जीत दर्ज की थी। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के अनुसार, यहां संगठन मज़बूत है और यदि टिकट मिला तो यह सीट एनडीए के खाते में लौटाई जा सकती है। इसके अलावा बोधगया सीट पर भी लोजपा (रामविलास) का गुट सक्रिय है। कार्यकर्ताओं की मान्यता है कि धार्मिक, जातीय और युवाओं पर पकड़ वाली टीम यहां चुनाव लड़ने को तैयार है। संगठन ने इस सीट के लिए भी बायोडाटा जुटाना शुरू कर दिया है।

# मप्र में कोल्ड्रिफ सिरप पर लगा बैन दोषियों को नहीं छोड़ेंगे : सीएम यादव



**भोपाल, 04 अक्टूबर [एजेंसी]।**

छिंदवाड़ा जिले में कोल्ड्रिफ सिरप के सेवन से हुई बच्चों की मौत की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। घटना को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार ने इस सिरप की बिक्री पर पूरे मध्यप्रदेश में तत्काल प्रतिबंध लगा दिया है। इतना ही नहीं, सिरप बनाने वाली कंपनी के अन्य प्रोडक्ट्स पर भी बैन लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, यह सिरप तमिलनाडु के कांचीपुरम स्थित एक फैक्ट्री में तैयार किया जाता है। घटना सामने आने के बाद मध्यप्रदेश सरकार ने तमिलनाडु सरकार से जांच रिपोर्ट मांगी थी। आज सुबह आई रिपोर्ट में गंभीर लापरवाही की पुष्टि हुई, जिसके आधार पर प्रदेश सरकार ने कड़ा कदम उठाते हुए प्रतिबंध लागू किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि छिंदवाड़ा में कोल्ड्रिफ सिरप के कारण हुई बच्चों की मृत्यु अत्यंत दुखद है। इस सिरप की बिक्री को पूरे मध्यप्रदेश में बैन कर दिया है। सिरप को बनाने वाली कंपनी के अन्य प्रोडक्ट की बिक्री पर भी बैन लगाया जा रहा है। सिरप बनाने वाली फैक्ट्री कांचीपुरम में है, इसलिए घटना के संज्ञान में आने के बाद राज्य सरकार ने तमिलनाडु सरकार को जांच के लिए कहा था। आज सुबह जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। रिपोर्ट के आधार पर कड़ा एक्शन लिया गया है। बच्चों की दुखद मृत्यु के बाद स्थानीय स्तर पर कार्रवाई चल रही थी। राज्य स्तर पर भी इस मामले में जांच के लिए टीम बनाई गई है। दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। छिंदवाड़ा के परासिया ब्लॉक के 9 बच्चों की मौत कोल्ड्रिफ कफ सरिप की वजह से हो गई। इसके अलावा कई बच्चों का इलाज चल रहा है। यह कफ सिरप तिमलनाडु की श्रीसन फार्मास्यूटिकल की यूनिट से सैंपल लिए गए थे।

जिसके सैंपल की च में खुलासा हुआ है कि सिरप में नॉन-फार्माकॉपिया ग्रेड प्रोपीलीन ग्लाइकॉन का इस्तेमाल हुआ है। इसमें आशंका व्यक्त की गई कि वह डायथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) और एथिलीन ग्लाइकॉल से दूषित था। यह दोनों ही किडनी को नुकसान पहुचाने वाले जहरीले पदार्थ हैं। इस रिपोर्ट के बाद तमिलनाडु सरकार ने भी पूरे राज्य में कोल्ड्रिफ सिरप की बिक्री और उपयोग पर तुरंत लोग लगा दी।

## सीन डिडी कॉम्ब्स को 4 साल की जेल, यौन उत्पीड़न मामले में अदालत ने सुनाया फैसला

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड के जाने-माने रैपर सीन डिडी कॉम्ब्स को 4 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। उनपर लगे यौन शोषण मामले की सुनवाई शुरू हुई थी। याचिकाकर्ता ने डिडी के खिलाफ सख्त सजा की मांग की थी। ऐसे में कयास लगाए जा रहे थे कि डिडी को 135 महीने की जेल हो सकती है। सीन डिडी केस की सुनावई करने वाले जस्टिस अरुण सुब्रमण्यन भारतीय मूल के हैं। डिडी ने उन्हें पत्र लिखते हुए न सिर्फ अपना जुर्म कबूला था बल्कि सजा कम करने की भी मांग की थी। रैपर सीन डिडी पर मानव तस्करी और रैकेट चलाने के भी आरोप लगे थे। हालांकि, इन आरोपों से उन्हें बरी कर दिया गया है। मगर, उनपर लगा यौन उत्पीड़न का केस सच साबित हुआ है, जिसपर सजा सुना दी गई है।



## हरियाणा के झज्जर में ट्रक और बस के बीच भीषण टक्कर, 40 से ज्यादा लोग घायल

**झज्जर 04 अक्टूबर।** हरियाणा के झज्जर में दादरी टोल के पास एक बस और ट्रक के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में 40 से ज्यादा लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, ट्रक ड्राइवर ने डिवाइडर से दूसरी तरफ ट्रक मोड़ा था, जिससे वह सीधा बस से टकराया। बस में 52 लोग सवार थे। इनमें पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी को रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है।

# नवंबर में 2 बार छत्तीसगढ़ आएंगे पीएम मोदी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर अटल नगर स्थित आईआईएम में पहली बार अखिल भारतीय डीजीपी-आईजी सम्मेलन 28-30 नवंबर के बीच होगा। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में देशभर के सभी राज्यों के पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक और सुरक्षा एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी आंतरिक सुरक्षा, नक्सल विरोधी अभियान, आतंकवाद विरोधी प्रयास, ड्रग्स नियंत्रण व साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह इस सम्मलेन का शुभारंभ करेंगे। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समापन सत्र में शामिल होने की संभावना है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक छत्तीसगढ़ सहित देशभर से नक्सलवाद को 31 मार्च 2026 तक खत्म करने का लक्ष्य रखा गया है. इस दिशा में राज्य व केंद्रीय सुरक्षा बलों को संयुक्त रणनीति के तहत मिल रही सफलताओं को भी सम्मेलन में रेखांकित किया जाएगा। हाल ही के कुछ महीनों के भीतर कई बड़े नक्सली मारे गए हैं। साथ ही बड़ी संख्या में नक्सली सुरक्षाबलों के समक्ष आत्मसमर्पण भी कर रहे हैं। वहीं, नक्सलवाद खत्म होने के बाद संबंधित क्षेत्रों में होने वाले विकास कार्यों को लेकर भी कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

# प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार के युवाओं को दी सौगात 62 हजार करोड़ की योजनाएं का किया उद्घाटन

**पटना, 04 अक्टूबर [एजेंसी]।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कौशल दीक्षात समारोह में युवाओं से जुड़ी 62 हजार करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं की शुरुआत की। इस कार्यक्रम से बिहार समेत देशभर की 200 आईटीआई के छात्र भी जुड़े। पीएम मोदी ने कहा कि आज का समारोह इस बात का प्रतीक है कि आज का भारत कौशल को कितनी प्राथमिकता देता है। आज देशभर के नौजवानों को शिक्षा और कौशल विकास की दो बड़ी योजनाएं लॉन्च हुई हैं। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी सरकार आने के बाद 5 हजार नई ITI देश में बनाई गई हैं। पीएम सेतु योजना की शुरुआत हुई है। इससे आईटीआई को अपडेट किया जाएगा। ट्रेनिंग एक्सपर्ट यहां आएंगे।

नई मशीने यहां आएंगी। यह योजना भारत की स्किल डिमांड से जोड़ेगी। जननायक कर्पूरी ठाकुर के नाम एक स्किल विश्वविद्यालय की स्थापना की है। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर को जननायक सोशल मीडिया पर ट्रोल करने वाली आर्मी ने नहीं बनाया, उन्हें जनता ने बनाया। उन्होंने कहा कि आजकल कुछ लोग जननायक टाइटल को भी चोरी करने में लगे हैं, बिहार के लोगों को चौकन्ना रहने की जरूरत है।

## जगदलपुर रवाना हुए अमित शाह



**जगदलपुर।** केंद्रीय मंत्री अमित शाह जगदलपुर रवाना हुए। वे सिरहासार भवन में बस्तर दशहरा के मुरिया दरबार की रस्म में शामिल होंगे। इसके बाद लाल बाग मैदान में स्वदेशी मेला कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। यहां आम जनता को संबोधित करेंगे। बस्तर राज परिवार के सदस्य कमलचंद भंजदेव के मुताबिक, अमित शाह देश के पहले ऐसे गृहमंत्री हैं, जो बस्तर दशहरा के मुरिया दरबार में शिरकत करने यहां आ रहे हैं। हालांकि, इससे पहले तक राज्य के मुख्यमंत्री पहुंचते थे। इस रस्म में अमित शाह मांझी, चालकी, मेंबर, मेंबरीन समेत अन्य समुदाय से सीधे संवाद करेंगे। उनकी समस्या को सुनेंगे। बस्तर में जब राजशाही का दौर था, उस समय बस्तर दशहरा के बाद राजा लोगों की समस्या सुनने दरबार लगाते थे, इसे ही मुरिया दरबार कहा जाता है। कमलचंद भंजदेव का कहना है कि, इस मुरिया दरबार में जनता की समस्या सुनी जाती है। समस्याओं का तुरंत निराकरण भी होता है। दरअसल, पहले राजा समस्या सुनकर निराकरण करते थे। लेकिन, अब लोकतांत्रिक व्यवस्था में सीएम या फिर उनसे बड़े और कोई भी मंत्री, नेता सुन सकते हैं। उनकी समस्या का निवारण कर सकते हैं।

## ननकीराम कंवर को पुलिस ने एक भवन में रखा



**रायपुर 04 अक्टूबर।** पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर ने कोरबा जिले के कलेक्टर अजीत वसंत को जिले से हटाने की मांग को लेकर अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पूर्व गृहमंत्री कंवर लगातार कलेक्टर को हटाने की मांग कर रहे हैं और इसी मांग को लेकर सीएम हाउस के सामने धरने पर बैठने की बात भी उन्होंने कही थी। वहीं ननकीराम कंवर सीएम हाउस के सामने धरने पर बैठने के लिए रायपुर भी पहुंच चुके हैं, लेकिन उनके रायपुर पहुँचते ही हलचल शुरू हो गई। पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर जैसे ही रायपुर पहुंचे पुलिस ने उन्हें रोककर घेराबंदी कर ली। इस दौरान पुलिस के बड़े अधिकारी, SDM और कई जवान मौजूद है। पूर्व गृहमंत्री ननकी राम कंवर को एम्स अस्पताल के पास एक भवन में घेराबंदी कर के रखा गया है। भाजपा के कई दिग्गज नेता और कार्यकर्ता ननकीराम कंवर को मनाने के लिए पहुंचे हुए हैं। इतना ही पूर्व गृहमंत्री के बेटे संदीप कंवर भी अपने पिता को मानाने के लिए पहुंचे हैं और उन्हें मनाने की कोशिश कर रहे हैं।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## भाजपा का स्वच्छता संकल्प कार्यक्रम आयोजित

**कोरबा ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत जिलेभर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में कोरबा-पश्चिम बांकीमोंगरा मंडल के कुसमुंडा अंबेडकर चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रमदान करते हुए सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और चौक के आसपास झाड़ू लगाई तथा कचरा एकत्र कर साफ-सफाई की।

उक्त कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी जयंती मनाने से की गई। श्रद्धांजलि के पश्चात सभी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक स्वच्छता अभियान में भाग लिया और आसपास के नागरिकों को भी स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा ने कहा की सेवा पखवाड़ा के माध्यम से हम समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री का जीवन हमें सादगी, ईमानदारी और स्वच्छता की प्रेरणा देता है। उनकी जयंती पर स्वच्छता अभियान चलाकर हम उनके आदर्शों का पालन कर रहे हैं और लोगों को अपने आस-पास को साफ रखने का संदेश दे रहे हैं।स्वच्छता अभियान में मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, पार्षदगण सहित स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अभियान में विशेष रूप से विकास झा, सुनीता पाटले, वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व बूथ अध्यक्ष, पार्षदगण एवं स्थानीय नागरिकों ने भी सक्रिय भागीदारी की। सभी ने संकल्प लिया कि यह अभियान एक दिन का न होकर नियमित रूप से जारी रहेगा।

## वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन का जर्मनी और स्विट्जरलैंड दौरा

**कोरबा।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन आगामी 10 दिनों तक जर्मनी और स्विट्जरलैंड के प्रवास पर रहेंगे। जर्मनी में होने जा रहे,ह्व्व 2025 में सम्मिलित होंगे,ह्व्व 2025 खाद्य प्रसंस्करण, उद्योग, तथा उससे संबंधित पैकेजिंग, कैटरिंग, रिटेल, तकनीक और ऑर्गेनिक फूड प्रोसेसिंग से जुड़ा विश्व का सबसे बड़ा आयोजन है। इसमें 118 देशों के लगभग 7,900 प्रतिभागी भाग लेंगे तथा 200 से अधिक देशों के लगभग 1.5 लाख आगंतुक अवलोकन हेतु उपस्थित होंगे।इस वर्ष का पार्टनर कंट्री दक्षिण कोरिया है और आयोजन की थीम सस्टेनेबल ग्रोथ एवं इनोवेशन निर्धारित की गई है। इस परिप्रेक्ष्य में, राज्य शासन की नवीन औद्योगिक विकास नीति 2024-2030 में उल्लिखित निवेश क्षेत्रों का प्रचार-प्रसार तथा राज्य में विभिन्न क्षेत्रों में पूंजी निवेश आकर्षित करने के दृष्टिकोण से, इस आयोजन में छत्तीसगढ़ राज्य शासन की ओर से वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन सम्मिलित होकर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। मंत्री श्री देवांगन शुक्रवार की देर रात नई दिल्ली से जर्मनी के लिए रवाना हुए।

## उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक

**कोरबा ।** उपभोक्ताओं को अनुचित व्यापार व्यवहार, धोखाधड़ी, शोषण से बचाने एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने कोरबा ब्लॉक के ग्राम दोंदरो में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस दौरान आयोग की अध्यक्षा रंजना दत्ता, सदस्यगण ममता दास एवं पंकज कुमार देवड़ा ने ग्रामीणों को उपभोक्ता अधिकारों से अवगत कराया।छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग के निर्देशानुसार कोरबा जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा प्रत्येक माह ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सितम्बर माह में कोरबा विकासखण्ड के ग्राम दोंदरो में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें आयोग की अध्यक्षा श्रीमती रंजना दत्ता, सदस्यगण सुश्री ममता दास एवं श्री पंकज कुमार देवड़ा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए ई-फाइलिंग, ई-हियरिंग सहित उपभोक्ता कानूनों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अब उपभोक्ता घर बैठे ही ई-फाइलिंग एवं ई-हियरिंग के माध्यम से शिकायत दर्ज कर अपना पक्ष रख सकते हैं।



## पहले बिगड़ जाता था बजट, अब दूर हो गया है रूपये बचाने का झंझट

**कोरबा ।** एनआईटी रायपुर में पढ़े-लिखे श्रवण अजगल्ले एक आर्किटेक्ट है। पाली ब्लॉक के एक वनांचल गांव में इनके पिताजी एक स्कूल में शिक्षक थे। पिताजी की इच्छा थी कि वह अपने कर्मभूमि वाले क्षेत्र में ही निवास करें। पिताजी के इन्हीं इच्छाओं के साथ आर्किटेक्ट श्रवण ने घर का डिजाइन तैयार किया और दो मंजिला घर बनवाया। घर में अलग-अलग कमरे बनवायें। भले ही अब पिताजी इस दुनिया में नहीं है, लेकिन उनका आशीर्वाद अब भी है। पिताजी के मौत के बाद अपनी माता और अन्य सदस्यों के साथ निवास करने वाले श्रवण अपने घर को हर पल रोशन रखना चाहते हैं, वे घर में ही आर्किटेक्ट से जुड़े कार्य भी कम्प्यूटर से करते हैं। इस दौरान कमरे का लाइट, पंखा और एसी भी चलता है। ऐसा भी नहीं है कि कमरे के पंखे, एसी और लाइट केवल काम के समय ही चलते हैं, काम खत्म होने के बाद भी इन सबका और घर में मौजूद अन्य विद्युत उपकरणों का इस्तेमाल होता रहता है। एक तरफ विद्युत उपकरणों का उपयोग जारी रहता है तो दूसरी तरफ बिजली का मीटर भी आगे बढ़ते हुए श्रवण के घर बिजली के बिल में बढ़ोत्तरी करता रहता और जब महीने का बिल आता तो उसके घर का बजट भी बिगट जाता था।



## श्रद्धा को मिली पीएचडी

**कोरबा।** ऊर्जानगरी कोरबा की मेधावी शोधार्थी श्रद्धा दुबे ने अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का परिचय देते हुए गणित विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। उनका शोध शीर्षक स्टडी ऑफ होमोजीनस कॉस्मोलॉजिकल मॉडल इन (एफआरटी) थ्योरी ऑफ ग्रेविटी रहा, जिसे उन्होंने एकेएस विश्वविद्यालय सतना की गणित की विभागाध्यक्ष डॉ. सुधा अग्रवाल के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक पूर्ण किया। पुरानी बस्ती की प्रतिभावान युवा श्रद्धा ने कहा कि उन्होंने यह सफलता उनके गुरुजनों, पिता एडवोकेट दीपक दुबे, माता सरिता दुबे और पूरे परिवार के आशीर्वाद एवं सहयोग से हासिल की है। इस सफलता पर विश्वविद्यालय के चांसलर अनंत कुमार सोनी, वाइस चांसलर आरएस त्रिपाठी, सीओई डॉ. शेखर मिश्रा, बेसिक साइंस डीन डॉ. शैलेंद्र यादव ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# 10 हजार से अधिक बच्चों ने भी देखी नगर निगम द्वारा आयोजित रामलीला

**कोरबा ।** हमारे भारत की करोड़ों वर्ष पुरानी संस्कृति, हमारी सनातन संस्कृति, हमारी विरासत, धर्म व अध्यात्म, इन्हें सहेजना, इनके ध्वजवाहक बनना, निश्चित रूप से सौभाग्य का विषय है। इस विषय पर एक छोटा सा प्रयास किया नगर निगम कोरबा ने हमारी पुरातन संस्कृति के अभिन्न अंग श्रीरामलीला के आयोजन किया, जिसे दर्शकों का अपार स्नेह मिला। बताया जा रहा हैं की 10 हजार से अधिक बच्चों ने भी रामलीला देखी, अपनी पुरातन संस्कृति से, मर्यादा पुरूषोत्तम की मर्यादाओं से, उनके द्वारा स्थापित आदर्शो से परिचित हुए, निश्चित रूप से यही बच्चे भविष्य में भारतीय संस्कृति के ध्वजवाहक बनेंगें।

प्रदेश के मंत्री सह नगर विधायक लखनलाल देवांगन की प्रेरणा, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के प्रयास एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की देख रेख में, नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोरबा में भव्य रामलीला व दशहरा उसत्व आयोजन की योजना बनी तथा इस हेतु गठित आयोजन समिति के सचिव अशोक चावलानी, पार्षद नरेंद्र देवांगन व हितानंद अग्रवाल, नोडल अधिकारी अखिलेश शुक्ला व पवन वर्मा के साथ मिलकर निगम के पार्षदगणों व अधिकारी कर्मचारियों ने अपने भगीरथ प्रयासों से आयोजन को अमलीजामा पहनाया। 28 सितंबर से 02 अक्टूबर तक कोरबा के घंटाघर स्थित डॉ. भीमराव अंबडेकर ओपन थियेटर मैदान में भव्य श्रीरामलीला व दशहरा उसत्व मेला का आयोजन हुआ, जिसमे बनारस की सुप्रसिद्ध देवशक्ति इंटरटेनमेन्ट रामलीला मंडली ने श्रीरामलीला का ऐसा दिव्य व मनोमुग्धकारी मंचन दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया, कि वे भावविभोर होकर श्रीराम भक्ति रस के सागर में गोते लगा भक्ति रस से सराबोर होते रहे। इस आयोजन की महत्वपूर्ण विशेषता यह रही कि सोशल मीडिया के इस दौर में जब हर पल-हर हाथ में मोबाईल और नजरे मोबाईल पर रहती हैं, तब लगातार 04 घंटों तक लोग मोबाईल से दूरी बनाकर, केवल और केवल श्रीराम भक्ति में लीन रहे, मर्यादा पुरूषोत्तम की मर्यादाओं को उनके आदर्शो को आत्मसात करते रहें, उनके जीवन चरित्र को हृदयंगम करते रहें। दर्शकों की इसी अपार भीड़ में लगभग 10 हजार से अधिक बच्चे भी थे, जो रील्स एवं सोशल मीडिया की दुनिया से निकलकर भारत की पुरातन संस्कृति व मर्यादाओं से परिचित होते रहे, यहीं बच्चे आगे चलकर भविष्य में भारतीय संस्कृति व विरासत के ध्वजवाहक बनेंगे, संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के संवाहक होंगे, इसमें कोई संदेह नहीं, इनमें से अधिकांश बच्चों ने पहली बार रामलीला देखी थी, जो उनके बालहृदय पर अमिट छाप छोड़ गई।

बनारस की सुप्रसिद्ध श्रीरामलीला मण्डली देवशक्ति इंटरटेनमेन्ट द्वारा रामलीला का दिव्य मंचन इस आयोजन की सबसे प्रमुख विशेषता रही, उक्त संस्था 400 से अधिक कार्यक्रम देश व विदेश में अब तक कर चुकी है, संस्था के सदस्य नेशनल स्कूल आफ ड्रामा से प्रशिक्षित है तथा इनसे कई कलाकारों ने टी.वी. सीरियल्स में भी अपना सशक्त अभिनय किया है।

## कसईपाली में दुर्गा पूजा एवं दशहरा उत्सव मिलन समारोह 05 अक्टूबर को

**कोरबा ।** कोरबा जिले के कटघोरा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कसईपाली में इस वर्ष भी परंपरा के अनुरूप भव्य दुर्गा पूजा एवं दशहरा उत्सव मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। लगातार 31 वर्षों से होते आ रहे इस आयोजन को लेकर ग्रामवासियों में विशेष उत्साह है। उक्त समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कौशिल्या साय, धर्मपत्नी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सम्मिलित होंगी। आयोजन समिति का कहना है कि यह अवसर न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि सामाजिक एकता का भी पर्व बन चुका है।उक्त कार्यक्रम अंतर्गत 05 अक्टूबर रविवार को ग्राम कसईपाली समय लगभग रात्रि 8 बजे से आयोजित होगा। जिसमे विशिष्ट अतिथि प्रेमचंद पटेल विधायक विधानसभा कटघोरा, उपेन्द्र सिंह पैकरा प्रांताध्यक्ष सचिव संघ छत्तीसगढ़, सुषमा रवि रजक जिला पंचायत सदस्य, ममता दामोदर राठौर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कटघोरा, ज्योतिनंद दुबे पूर्व अध्यक्ष, खाद्य आयोग छत्तीसगढ़ शासन, डॉ. पवन कुमार सिंह जिलाध्यक्ष जिला पंचायत कोरबा, झूलबाई गोविंद सिंह कंवर अध्यक्ष जनपद पंचायत कटघोरा, कमला देवी कंवर सदस्य, जनपद पंचायत कटघोरा आदि शामिल होंगे। आयोजन समिति के ललितेश प्रताप सिंह विंध्यराज (सरपंच) एवं समस्त ग्रामवासी, ग्राम पंचायत कसईपाली का कहना है कि इस वर्ष का आयोजन और भी भव्य होने वाला है। सामाजिक और सांस्कृतिक वातावरण में होने वाला यह उत्सव पूरे क्षेत्र को जोड़ने का काम करेगा।

## 15 ब्लॉक में आयोजित दंगल में पहलवानों ने दिखाया दम



**कोरबा ।** कोरबा जिले में दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में परंपरागत रूप से आयोजित विराट दंगल इस वर्ष भी पूरे कोरबा जिले में आकर्षण का केंद्र बना रहा। जिले के 15 ब्लॉक में हुए इस भव्य आयोजन में न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश और झारखंड से आए नामी पहलवानों ने अपने दांव-पेंच से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। 2 अक्टूबर को आयोजित इस दंगल में पहलवानों की भिड़ंत देखने हजारों की संख्या में लोग मैदान में जुटे। अखाड़े में जब पहलवानों ने कुश्ती के पारंपरिक दांव चलाए तो दर्शक तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साहजनक नारों से गूंज उठे। रोमांचक मुकाबलों को देखने का आनंद हर वर्ग के दर्शकों ने लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने कहा कि दंगल जैसे पारंपरिक खेल हमारी संस्कृति की पहचान हैं, जो युवाओं में जोश और अनुशासन दोनों का संचार करते हैं। साथ ही उन्होंने आयोजकों को बधाई देते हुए आश्वासन दिया कि सरकार ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहन देती रहेगी। इस विराट दंगल की अध्यक्षता अविनाश बंजारे ने की। वहीं मंच पर पूर्व महापौर, पूर्व सभापति, सूरज जायसवाल, रामप्यारे कुलवंत, सोनू यादव, रामप्रसाद यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। आयोजन समिति की ओर से विजेता पहलवानों को नकद पुरस्कार और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। दंगल के दौरान माहौल पूरी तरह से उत्सवमय हो गया। चारों ओर से बजते ढोल-नगाड़े, पारंपरिक गीत और दर्शकों की जयकारें अखाड़े को ऊर्जा से भरते रहे। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी ने इस खेल का भरपूर आनंद लिया। कई मौकों पर दर्शक जय बजरंगबली और भारत माता की जय जैसे नारों से वातावरण गुंजायमान कर देते थे। आयोजन समिति के सदस्यों का कहना है कि दंगल को और भव्य बनाने तथा अधिक राज्यों के पहलवानों को जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। आने वाले वर्षों में इसे अंतरराज्यीय स्तर तक ले जाने की योजना है, ताकि यहां के खिलाड़ी और दर्शक देशभर के बेहतरीन पहलवानों का मुकाबला देख सकें। कोरबा जिले के 15 ब्लॉकों में एक साथ हुए इस विराट दंगल ने परंपरा, खेल और उत्साह का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया।

## अधर्म, अंहकार कितना ही शक्तिशाली क्यों न हो, पराजित अवश्य होता है : लखनलाल

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री सह नगर विधायक लखनलाल देवांगन ने कहा कि प्रभु श्रीराम की कथा हमें यह शिक्षा देती है कि अधर्म एवं अंहकार कितना ही शक्तिशाली क्यों न हो, वह पराजित अवश्य होता है, अधर्म पर धर्म की जय होती है, अंहकार का विनाश होता है, यह निश्चित है। उन्होने कहा कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा श्रीरामलीला व दशहरा उत्सव का बहुत ही सुंदर आयोजन किया गया, इस आयोजन से कोरबा का वातावरण राममय होगा, मैं कामना करता हूँ कि यह आयोजन प्रत्येक वर्ष इसी गरिमा एवं धूमधाम के साथ संपन्न हों।



निगम द्वारा विगत 28 सितंबर से 02 अक्टूबर तक घंटाघर मैदान में पांच दिवसीय श्रीरामलीला व दशहरा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसका विजयादशमी के दिन भव्य समापन हुआ, समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए कार्यक्रम का समापन कराया। उन्होने श्रीराम दरबार की पूजाअर्चना कर रावण दहन कार्यक्रम भी संपन्न कराया। इस मौके पर दिए गए अपने उद्बोधन में कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की पहल तथा नगर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की देखरेख में आयोजित श्रीरामलीला आयोजन से भारतीय संस्कृति को सहेजने का कार्य किया गया है। उन्होने कहा कि इस आयोजन से हमारे बच्चो को भी भारत की पुरातन संस्कृति को जानने-समझने का अवसर मिला तथा वे प्रभु श्रीराम की लीलाओं, उनकी मर्यादाओं व आदर्शो से परिचित हुए। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि इस आयोजन को जगद्गुरू श्रीरामभद्राचार्य महाराज का आशीर्वाद भी मिला तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी यहाँ पहुंचकर हम सबका उत्साहवर्धन किया। श्री देवांगन ने इस सुंदर धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन के लिए महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय सहित आयोजन समिति के सभी सदस्यों, पार्षदों व निगम के अधिकारी कर्मचारियों को साधुवाद दे अपनी दिली शुभकामनाएं दी। इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि प्रभु श्रीराम की लीला प्रसंग का यह आयोजन करना मेरा सौभाग्य है, श्रीरामलीला हमें बताती है कि बुराई पर अच्छाई की सदैव ही जीत होती है। उन्होने कहा कि नगर निगम कोरबा नगर के विकास व आमजन को मूलभूत सुविधाएं तो उपलब्ध कराने में अग्रणी है ही, किंतु अब निगम ने भारतीय संस्कृति व विरासत को सहेजने का काम भी किया है। इस अवसर पर कोरबा नगर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमने गिलहरी जैसा छोटा सा प्रयास किया, किन्तु कोरबा की जनताजनार्दन ने अपने प्यार, स्नेह से हमारे इस छोटे से प्रयास को विराट स्वरूप दे दिया, यहाँ दर्शकों की अपार संख्या ने इस मैदान को छोटा कर दिया, तो वहीं बनारस के मंजे हुए कलाकारों ने अपनी प्रतिभा से दर्शको का मन मोह लिया, जिसके लिए मैं उन्हें हृदय से साधुवाद देता हूँ।

इस अवसर पर पार्षद नरेंद्र देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि अगले वर्ष और अधिक भव्यता के साथ श्रीरामलीला का आयोजन होगा, मैं ऐसा विश्वास रखता हूँ। उन्होने कहा कि कोरबा नगर निगम की टीम ने आयोजन समिति ने पूरी सक्षमता के साथ कार्य किया तथा आयोजन को नई ऊंचाईयाँ दी, जिसके लिए मैं बधाई देता हूँ।

इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता अशोक चावलानी के साथ ही कैलाश नाहक, डॉ. नागेन्द्र शर्मा, प्रफुल्ल तिवारी, नरेंद्र पाटनवार, पंकज देवांगन, युगल कैवर्त, रामकुमार राठौर, लक्ष्मण श्रीवास, अजय गोंड़, चेतन मैत्री, ईश्वर पटेल, रामकुमार साहू, सतीश झा, डॉ. राजेश राठौर, आरिफ खान, राकेश अग्रवाल, नवीन अरोरा, परविंदर सिंह, रूक्मणी नायर, वैशाली रत्नपारखी, ज्योति वर्मा, दिनेश वैष्णव, मनोज मिश्रा, आकाश श्रीवास्तव, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, नोडल अधिकारी अखिलेश शुक्ला व पवन वर्मा, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, प्रकाश चन्द्रा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी आदि के साथ निगम के पार्षदगण, अधिकारी/कर्मचारीगण व हजारों की संख्या में आम नागरिकगण उपस्थित थे।

## पोषण माह 2025 अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में विविध गतिविधियों का किया जा रहा आयोजन

**कोरबा।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास के मार्गदर्शन में जिले के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण माह 2025 अंतर्गत विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा गतिविधि हेतु आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण के साथ-साथ सीखने के केन्द्र के रूप में दर्शाने के लिए पोस्टर, स्लोगन, बैनर इत्यादि के माध्यम से पोषण भी पढ़ाई भी थीम पर स्वदेशी खिलौनों का निर्माण एवं स्थानीय व्यंजनों से संबंधित विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीयता को बढ़ावा देने के लिए स्वदेशी खिलौनों का निर्माण, स्थानीय व्यंजनों का प्रचार-प्रसार, स्थानीय समाग्री से कॉम्प्लिमेंटरी फीडिंग की प्रर्दशनी, स्वच्छता एवं हाथ धुलाई पर प्रशिक्षण, गर्भवती और धात्री माताओं के लिए समुदाय आधारित काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। साथ ही स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होने वाले फल सब्जी तथा अनाज से बनाए

## आरएसएस ने विजयादशमी पर 20 स्थानों पर किया कार्यक्रम, 1200 स्वयंसेवक सहभागी

**कोरबा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे कर लिए। कोरबा में संगठन ने परंपरागत रूप से 20 स्थान पर विजयादशमी उत्सव आयोजन किया। इनमें 1200 स्वयंसेवकों की सहभागिता रही। आयोजन के अंतर्गत सभी स्थानों पर शास्त्र पूजन की परंपरा निभाई गई। विजयादशमी उत्सव के दिन वर्ष 1925 को विजयादशमी के दिन नागपुर में संघ के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्य प्रारम्भ किया। 100 वर्ष की यात्रा पूर्ण होने के निमित्त देशव्यापी कार्य किए जा रहे है।



कोरबा नगर के 20 स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में स्वयंसेवको की भागीदारी पूर्ण गणवेश के साथ हुई। भारत माता, डॉ हेडगेवार व श्रीगुरुजी के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई। गीत, सुभाषित, अमृत वचन के बाद वक्ताओं ने अपने उद्बोधन दिया। उन्होने स्थापना से लेकर अब तक कि यात्रा का विवेचन किया। संघ के आगामी कार्यक्रमों में कोरबा जिला के 132 मंडलों , बस्ती में उत्सव मनाया जायेगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का स्वरुप अन्य संस्थाओ जैसा नहीं है । उसकी शाखाओं में लोग 1 घण्टे आते है। शारीरिक अभ्यास के साथ अपने क्षेत्र, देश, समाज का चिंतन करते हैं। उनमें देशभक्ति, सच्चरित्र, निस्वार्थ भावना जैसे अनेक गुणों का संवर्धन वाले कार्यक्रम भी होते हैं। प्रयास यह है कि समाज की दृष्टि भौतिक विकास के साथ मन, बुद्धि और आध्यात्मिक विकास की दिशा में भी हो। वर्तमान में समाज का सज्जन वर्ग संघ से जुड़ना चाहता है। उनमें एक अद्भुत उत्साह देखने को मिल रहा है। संगठित कार्य शक्ति से विश्व को नया मार्ग देने के साथ भारत को परम वैभव संपन्न बनाने के संकल्प के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संपूर्ण हिंदू समाज को संगठित करने में जुटा हुआ है।

## मनाया गया विश्प फार्मासिस्ट दिवस

**कोरबा।** एसईसीएल इंदिरा विहार डिस्पेंसरी में प्रमुख (चिकित्सा सेवाएँ) डा. श्रुतिदेव मिश्रा के मुख्य आतिथ्य, इंदिरा विहार स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डा. अरिहंत जैन के विशिष्ट आतिथ्य, एसईसीएल मुख्यालय के सभी चिकित्सकों, पैरा मेडिकल स्टाफ, समस्त कर्मचारियों एवम स्टाफ की उपस्थिति में थिंक हेल्थ, थिंक फार्मासिस्ट थीम पर विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया ।

## मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण सेवा सप्ताह अंतर्गत 12 अक्टूबर तक जागरूकता अभियान आयोजित



**कोरबा ।** मानसिक स्वास्थ्य आज दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बन चुका है। इंटरनेशनल प्रेसिडेंट लायन ए.पी. सिंह द्वारा सत्र 2025-26 के लिए शुरू की गई 03 विशेष सेवा गतिविधियों में से एक मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण पर इस वर्ष विशेष पहल की जा रही है।

04 से 12 अक्टूबर तक पूरे विश्व के 210 देशों में यह सेवा सप्ताह आयोजित होगा। इसी कड़ी में लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 सी (जो पूरे छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के एक तिहाई हिस्से को कवर करता है) के 138 लायंस क्लब मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता गतिविधियां संचालित करेंगे। आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान विजय अग्रवाल ने बताया कि विश्व में करीब 97 करोड़ लोग मानसिक तनाव से जूझ रहे हैं, जिनमें डिप्रेशन मुख्य है। हर साल लगभग 14 लाख लोग आत्महत्या का प्रयास करते हैं। जिनमें से करीब 7 लाख अपनी जान गंवा बैठते हैं। छात्रों में मानसिक दबाव की स्थिति और भी गंभीर है। शैक्षणिक दबाव और करियर की अनिश्चितता प्रमुख कारण हैं, लेकिन केवल 50% छात्रों को ही उचित मार्गदर्शन मिल पाता है, डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के अंतर्गत कोरबा के 8 लायंस चैप्टर भी इस सेवा सप्ताह में सक्रिय रहेंगे। स्कूलों, आम नागरिकों, कर्मचारियों एवं विभिन्न संस्थाओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें मानसिक स्वास्थ्य पर परिचर्चा, योग, व्यायाम और आहार पर मार्गदर्शन, स्वस्थ जीवनशैली एवं आपसी संबंध सुधार, घरेलू सौहार्द और वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल जैसे विषयों पर सेवा गतिविधियां की जाएंगी।

## एसईसीएल में महिला संचालित स्टोर यूनिट शुरू



**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) में कोल इंडिया का एक ऐतिहासिक अध्याय जुड़ा, जब प्रथम पूर्णतः महिलाओं द्वारा संचालित सीडब्लयूएस कोरबा में सेंट्रल स्टोर फॉर स्पेयर पार्ट्स सप्लाई एंड मैनेजमेंट का शुभारंभ किया गया। यह पहल कोयला उद्योग में महिला सशक्तिकरण और कार्यस्थल में उनकी बढ़ती भूमिका का प्रतीक है।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन समारोह से हुआ। इसके उपरांत मुख्य अतिथि एवं एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने फीता काटकर स्टोर यूनिट का उद्घाटन किया। सभी अतिथियों का स्वागत शॉल, श्रीफल और बुके भेंट कर किया गया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में निदेशक (तकनीकी/संचालन) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (मानव संसाधन ) बिरंची दास, निदेशक (तकनीकी/योजना परियोजना ) आर.सी. महापात्र एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कर्मियों को मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।अपने संबोधन में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने कहा कि यह कदम एक बड़े बदलाव की शुरुआत है। पहले हमने बिलासपुर के वसंत विहार में कोल इंडिया का प्रथम महिला चिकित्सालय शुरू किया था, और अब कोरबा में महिलाओं द्वारा संचालित सेंट्रल स्टोर यूनिट की शुरुआत की गई है। यह पहल न केवल महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देगी बल्कि संगठन को नई ऊर्जा भी प्रदान करेगी।सीडब्ल्यूएस कोरबा, एसईसीएल का एक महत्वपूर्ण वर्कशॉप है, और यहां महिलाओं की सक्रिय भूमिका आने वाले समय में प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करेगी।

## मड़ई मेनरोड से बुका तक ई-रिक्शा होंगी संचालित

**कोरबा ।** कोरबा अंचल की जीवनदायनी हसदेव नदी के तट पर स्थापित की गयी मिनीमाता हसदेव बांगो बहुउद्देशीय परियोजना छत्तीसगढ़ की सबसे लंबा और चौड़ा बांध है। जिसमे बिजली का उत्पादन, विभिन्न उद्योगिक परियोजनाओ को आवश्यकता के अनुरूप जल की आपूर्ति, और क्षेत्र के अधिकांश रकबे की भूमि को हरे-भरे खेतो की सिंचाई सहित हरियाली बिखरने पर्याप्त जल की आपूर्ति एवं परियोजना स्थापना हेतु भू-अर्जन से प्रभावित माटीपुत्रो को रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य से मछली उत्पादन के साथ बड़े पैमाने में बागवानी, वनौषधी के विस्तार का कार्य भी सम्मिलित हैं। परियोजना के उद्घाटन अवसर पर बताएगा गया था की अब ग्राम माचाडोली का भाग्य जबरदस्त अंगड़ाई लेकर विकसित होगा

## पोड़ी उपरोड़ा की जनपद सदस्य पूजा का निर्वाचन शून्य करने मांग की

**कोरबा/पोड़ी उपरोड़ा।** जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा अंतर्गत क्षेत्र क्रमांक 21 की सदस्य श्रीमती पूजा दुबे की जनपद सदस्यता समाप्त तथा निर्वाचन शून्य किये जाने की मांग जनपद सदस्यों ने निर्वाचन आयोग और जिला कलेक्टर से की गई है। शिकायत में कहा गया है कि श्रीमती पूजा दुबे जनपद पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 21 का निर्वाचन नियम विरूद्ध हुआ है। संबंधित जनपद सदस्य द्वारा पंचायत निर्वाचन संबंधी नियमों के विपरीत जाकर चुनाव लड़ा गया है साथ ही निर्वाचित होने के पश्चात् शासन द्वारा दोहरा लाभ लेते हुए अपने पद का दुरूपयोग किया जा रहा है। जो कि निम्नानुसार हैदो जगहों के निर्वाचन सूची में नामश्रीमती पूजा दुबे का नाम निर्वाचन सूची में दो जगह है। इनका नाम निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 30- बिलासपुर एवं निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 23- पाली तानाखार में दर्ज है। श्रीमती पूजा दुबे द्वारा नियम विरूद्ध छ.ग. पंचायत निर्वाचन अधिनियम की धारा के विपरीत जाकर इन सूचनाओं को गोपनीय रखा गया है तथा बिलासपुर निर्वाचन क्षेत्र में नाम बरकरार रखते हुए पाली तानाखार निर्वाचन क्षेत्र में जनपद सदस्य का चुनाव लड़ने हेतु अपना नाम जुड़वाया गया है। इस तरह का कृत्य भारतीय न्याय संहिता के भी विरूद्ध है तथा दंडनीय अपराधिक प्रकरण है।श्रीमती पूजा दुबे द्वारा अपने निर्वाचन संबंधी जानकारियों, सूचनाओं को छुपाना और जनपद सदस्य निर्वाचित होना अविधिमान्य है तथा निर्वाचन प्रक्रिया पर प्रश्नचिन्ह है। श्रीमती पूजा दुबे जिनका वास्तविक नाम पूजा पांडे पति आलोक पांडे पता सोनीगली, तेलीपारा, बिलासपुर (छ.ग.) है। इनके द्वारा छ.ग. महतारी वंदन योजना का लाभ लिया जा रहा है। दूसरी तरफ जनपद सदस्य होने के फलस्वरूप शासन द्वारा निर्धारित मानदेय भी श्रीमती पूजा प्राप्त कर रही हैं। इस तरह श्रीमती पूजा द्वारा शासन से प्रदाय दोहरा लाभ लिया जा रहा है। इस तरह का कृत्य एक जनप्रतिनिधि के रूप में इनकी सदस्यता बने रहना लोकहित में अवांछनीय है।आरोप है कि श्रीमती पूजा पांडे द्वारा अपने पद का दुरूपयोग किया जा रहा है। इनके चाचा विजय दुबे द्वारा श्रीमती पूजा के जनपद सदस्य होने का फायदा उठाकर जनपद पंचायत कार्यालय तथा जनपद पंचायत क्षेत्रों में जनपद सदस्य का रिश्तेदार तथा राजनीतिक दबदबा दिखाकर अनाधिकृत रूप से हस्तक्षेप किया जाता है।

# बिजली दरों में राहत देने कांग्रेस ने रैली निकाली, कार्यालय के सामने प्रदर्शन

**जांजगीर चांपा।** प्रदेश में भाजपा के साय सरकार ने अपने पौने दो साल के कार्यकाल में बिजली बिल में प्रति यूनिट 80 पैसे तक की बढ़ोतरी कर गरीब जनता, मध्यम वर्ग के जेब में डाका डालने का कार्य किया है।

पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने बिजली के घाटे को पाटते हुए बिजली बिल हाफ योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 65 लाख से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं को लगभग 3240 करोड़ रुपए के सब्सिडी देकर बहुत बड़ी राहत दी थी, किसानों को 5 एचपी तक निशुल्क बिजली दिया बीपीएल उपभोक्ताओं को 40 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी गई, लेकिन भाजपा सरकार आने के बाद प्रदेश भर में बिजली उपभोक्ताओं में हाहाकार मचा हुआ है प्रदेश भर से अनाप-शनाप बिजली बिल आने की शिकायत लगातार आ रही है इसलिए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा चालू किए गए हाफ बिजली बिल योजना पुनः प्रारंभ करने एवं बढ़े हुए बिजली दर को कम करने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार ,जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप के नेतृत्व में जांजगीर भाठापारा से बिजली कार्यालय तक भारी संख्या में कांग्रेस जन एवं नागरीकगण उपस्थित होकर भाजपा सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन करते हुए बिजली कार्यालय का घेराव कर मुख्यमंत्री के नाम पर बिजली कार्यालय के सहायक के यंत्री



को ज्ञापन सौंपा ।

धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक ब्यास कश्यप, कार्यकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश पैगवार, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रदेश कांग्रेस सचिव गिरधारी यादव, रफीक सिद्दीकी, शिशिर द्विवेदी, लोकेश राठोर, देव कुमार पांडे, अजीत सिंह राणा, भगवान दास गढ़वाल,राजेश अग्रवाल, नागेंद्र गुप्ता, सुनील साधवानी, संतोष पप्पू शर्मा, चिंताराम राठौर, सुखराम गरेवाल, पार्षदगण विष्णु यादव, अरमान खान, अक्षय टेकाम, श्रीमती रेखा सोनवान, श्रीमती जगदीश्वरी सूर्यवंशी, परमेश्वर निर्मले, पंकज शुक्ला, गौरव सिंह, पवन कश्यप, आकाश तिवारी, किशन सोनी, सेवक लाल देवांगन, रामविलास राठौर, चंद्र कुमार ओग्रे, विजय गढेवाल, मनोहर प्रधान, अशोक सोनवानी, मोती पटेल, गोपाल गुलशन सोनी, अनिल राठौर, सुरेंद्र कुमार पांडे, लाला जायसवाल, राजू सूर्यवंशी, लाल कृष्ण खरे, आनंद लहरें, हर्ष शुक्ला, नूतन देवांगन, संजय कश्यप, अमन सोनी, दिलेश कश्यप, डालेश्वर साहू, कमल कश्यप, योगेश कश्यप, रवि सूर्यवंशी, आकाश सिंह, नरेश पैगवार , शक्ति गढ़वाल, कमलेश ताम्रकार, सफीक खान, महेश पटेल, खलील मोहम्मद सहित भारी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित हुए

# बोगस हस्ताक्षर कर 42 लाख निकाले खाते से

## विधायक के सहयोगी पर गंभीर आरोप, कार्यवाही की मांग

**जांजगीर-चांपा।** जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बालेश्वर साहू और उनके सहयोगी गौतम राठौर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। सरवानी गांव निवासी शिकायतकर्ता और किसान राजकुमार शर्मा के मुताबिक विधायक और उनके सहयोगी ने उसे लोन दिलाने का आश्वासन देकर 42 लाख 78 हजार रुपए की रकम ले ली, लेकिन न तो लोन दिलाया और न ही रकम वापस की।

किसान का दावा है कि उसने यह रकम विश्वास में आकर किस्तों में दी थी, लेकिन बाद में जब नहीं लोन मिला और न पैसे वापस हुए, तो उसे धोखाधड़ी का संदेह हुआ। इसके बाद किसान ने चांपा थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

किसान का कहना है कि 2015 से 2020 के बीच बालेश्वर साहू बम्हनीडीह सहकारी बैंक में मैनेजर के पद पर पदस्थ थे, वहीं गौतम राठौर उस समय विक्रेता के पद पर काम कर रहा था। दोनों ने मिलकर किसान को किसान क्रेडिट कार्ड से लोन दिलाने का झांसा दिया और इस बहाने उससे 10 ब्लैंक चेक ले लिए। साथ ही एचडीएफसी बैंक में दो नए खाते भी खुलवाए।

इन चेकों पर फर्जी हस्ताक्षर और अंगूठा लगाकर, दोनों ने धीरे-धीरे मिलाकर 42 लाख 78 हजार रुपए किसान के खातों से निकाल लिए। शुरुआत में 15 जनवरी 2015 को पहली बार 51 हजार रुपए की निकासी की गई थी। इसके बाद रकम धीरे-धीरे बढ़ती गई। बालेश्वर साहू ने अपनी पत्नी आशा साहू के खाते में भी 7.5 लाख रुपए ट्रांसफर करवाए।

किसान को इस मामले की जानकारी तब हुई, जब 2020 में एचडीएफसी बैंक चांपा से उसे कॉल आया और पूछा गया कि क्या उसने बालेश्वर साहू को पैसे निकालने की अनुमति दी है। यह सुनकर किसान के होश उड़ गए। वो तुरंत बैंक जाकर डिटेल निकाला और जब सच्चाई सामने आई तो बालेश्वर साहू के पास पहुंचा। उस समय बालेश्वर साहू ने 6 महीने के भीतर ब्याज समेत पूरी रकम लौटाने का आश्वासन दिया था। लेकिन वादा पूरा नहीं हुआ। इसी दौरान विधानसभा चुनाव हुआ और सहयोगी गौतम राठौर ने रकम को चुनावी खर्च बताया। पैसा वापस मांगने पर दोनों टालमटोल करने लगे।

शिकायत मिलने के बाद चांपा पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच की। सबसे पहले शिकायतकर्ता राजकुमार शर्मा, उनकी पत्नी और मां के बयान दर्ज किए गए। तीनों ने बताया कि उन्होंने खुद कभी पैसे नहीं निकाले। इसके बाद पुलिस ने सहकारी बैंक के 5 कर्मचारियों और अन्य गवाहों के बयान भी दर्ज किए।

जांच में यह भी सामने आया कि 24 जनवरी 2020 को की गई एक निकासी पर्ची में बालेश्वर साहू का मोबाइल नंबर दर्ज था, जिससे साफ हो गया कि निकासी उन्हीं के ओर से की गई थी। इस आधार पर पुलिस ने सभी दस्तावेजों और बयानों को प्रमाण मानते हुए एफआईआर दर्ज की।

चांपा पुलिस ने बालेश्वर साहू और गौतम राठौर के खिलाफ धारा 420 (धोखाधड़ी), 468 (कागजातों की जालसाजी), 267 (सरकारी दस्तावेज का गलत इस्तेमाल), और 34 (साझा अपराध) के तहत केस दर्ज किया है। अब आगे की जांच के बाद गिरफ्तारी और न्यायिक प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।



## कार ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवक घायल

**जांजगीर।** शिवरीनारायण क्षेत्र के ग्राम केरा रोड पर शुक्रवार को कार चालक चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए। शुक्रवार सुबह 10 बजे मुड़पार निवासी विजय कश्यप और सिंघुल निवासी धनंजय केवट बाइक से केरा की ओर जा रहे थे। दोनों पेट्रोल पंप की ओर मुड़े, तभी सामने से आ रही कार क्रमांक सीजी 10 एचडब्ल्यू 2668 के चालक ने तेज रफ्तार से चलाते हुए बाइक को टक्कर मारी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार दोनों युवक उछलकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों युवको को शिवरीनारायण के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## विजयादशमी पर पुलिस थाना में शस्त्र पूजा कर निभाई गई परंपरा



**बिर्रा।** थाने में गुरुवार को विजयादशमी के पावन अवसर शस्त्रागार में रखे शस्त्रों की साफ-सफाई कर आचार्य पं. चित्रभानु पांडेय और पं. जितेन्द्र तिवारी ने विधिवत पूजा की और प्रतीकात्मक कुम्हड़ा (रखिया) की बली दी। इस अवसर पर आचार्य जितेन्द्र तिवारी ने कहा कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार लंका युद्ध से पहले भगवान श्री राम नौ दिनों तक आदिशक्ति दुर्गा की पूजा कर अपने शस्त्र धनुष की भी पूजा की और रावण का वध कर वनवास पूरा करते हुए माता जानकी और भाई लक्ष्मण सहित अयोध्या वापस लौटे थे।

इस अवसर पर थाना प्रभारी जय कुमार साहू, एएसआई मुकेश पांडेय, तीजराम जांगड़े, प्रधान आरक्षक डोमनिक तिग्गा, अनिल अजगल्ले, आरक्षक सोनहर जगत, भुवनेश्वर साहू, दिलीप कश्यप, संजय उजीर, राजकुमार शास्त्री, रामकुमार साहू, रघुवीर यादव, रितू लहरे, शीला कश्यप सहित थाना स्टाप उपस्थित थे। थाना प्रभारी जय कुमार साहू ने विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं दी।

## अहंकार रूपी रावण के पुतले का दहन हुआ

**ससहा।** गांव के मेला स्थल में गुरुवार को परंपरागत उत्साह और धूमधाम के साथ दशहरा पर्व मनाया गया। 21 फीट ऊंचे रावण का



पुतला तैयार किया गया, जिसे भगवान राम के हाथों दहन कर असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया। दशहरा उत्सव के मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनपद सभापति जयकुमार, सरपंच उत्तरा साहू, पंच संदीप अग्रवाल, आकाश राय, सागर देवेंद्र साहू, दिलीप साहू, बलदाऊ भगत सहित आसपास के पंचायतों के जनप्रतिनिधि और ग्रामवासी मौजूद रहे।

## राम दरबार की निकली झांकी रावण के पुतले को जलाया

**अकलतरा।** नगर सहित क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में दशहरा पर्व बड़े ही धूमधाम व उत्साह के साथ मनाया गया। राजपूत क्षत्रिय समाज के लोगों ने अपने-अपने घरों में शस्त्रों की विधिवत पूजा कर बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। नगर में क्षत्रिय समाज द्वारा भगवान श्रीराम,लक्ष्मण और हनुमान की भव्य झांकी निकाली गई, जो आजाद चौक से प्रारंभ होकर पोस्ट ऑफिस मार्ग, शास्त्री चौक होते हुए अजंता मैदान पहुंची। इसके बाद अहंकाररूपी रावण के पुतले का दहन हुआ। अजंता मैदान परिसर में पंडित हरिमोहन पांडेय द्वारा पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। पूजा उपरांत विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने 45 फीट ऊंचे रावण के विशाल पुतले का अग्निबाण से दहन किया। कार्यक्रम को देखने के लिए भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर रवि सिंह सिसोदिया, धनराज सिंह चौहान, संतोष सिंह बैस, रविंद्र सिंह बैस, प्रतिपाल सिंह, अमित सिंह बैस, अंकित सिंह सिसोदिया, जयदीप सिंह, युवराज सिंह सहित समाज के अनेक लोग मौजूद रहे। नगर के पोड़ी भाटा, संजय नगर, जवाहर नगर, थाना रोड, मस्जिद रोड, देवांगन मोहल्ला में रावण दहन का पर्व उत्सवपूर्वक आयोजन किया गया।

# सड़क और नए पुल का निर्माण कराने के प्रस्ताव को स्वीकृति, राहत जल्द

**जांजगीर।** हसदेव नदी पर निर्मित गेमन पुल के स्थान पर नये पुल निर्माण, लछनपुर के पास भुंडी नाला में उच्च स्तरीय पुल निर्माण और जांजगीर पिथमपुर मार्ग के शीघ्र निर्माण की मंजूरी मिलेगी। विधायक व्यास कश्यप के पत्र को लोक निर्माण मंत्री अरूण साव ने कार्रवाई के लिए पीडब्ल्यूडी सचिव को भेज दिया है।

विधायक कश्यप ने पुल और सड़क निर्माण की मांग विधानसभा के बजट सत्र 2024-25 व 2025-26 में रखी थी। इन कार्यों को बजट में शामिल किया गया था। 28 अगस्त को रायपुर प्रवास के दौरान विधायक ने उक्त कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति के लिए पत्र लोक निर्माण मंत्री अरूण साव को सौंपकर सभी निर्माण कार्यों को जनहित में अत्यावश्यक होने की बात कही थी। साथ ही यह बताया था कि हसदेव नदी पर स्थित गेमन पुल अत्यंत जीर्ण-शीर्ण होने पर जैसे-तैसे मरम्मत कराकर आने जाने के लिए उपयोग किया जा रहा है।



नये पुल का निर्माण नही हुआ तो कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है।

इसी प्रकार ग्राम लछनपुर के पास भुंडी नाला में निर्मित पुल वर्षो पुराना है और रोड लेवल से काफी नीचे बना है। बरसात के दिनों में इस पुल के ऊपर से पानी बहता है। पहले भी पुल पर कई बार गंभीर दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इसी तरह जांजगीर पिथमपुर मार्ग भी जर्जर हो चुका है और सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे हैं। सड़क निर्माण के लिए लोग चक्काजाम भी कर चुके हैं।निर्माण कार्यों की स्वीकृति के लिए उप मुख्यमंत्री व पीडब्ल्यूडी मंत्री साव ने पत्र पीडब्ल्यूडी सचिव को भेज दिया है।

## सत्य की रक्षा करो, बुराई से लड़ो व अच्छाई की राह चुनो

**शिवरीनारायण।** नगर के महानदी किनारे चौपाटी मेला ग्राउंड में गुरुवार को विजयदशमी का पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया। नगर पंचायत ने दशहरा उत्सव को भव्य और व्यवस्थित बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की थीं। मेला ग्राउंड की साफ-सफाई के साथ लाइटिंग का खास इंतजाम किया गया था। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रावण के पुतले के पास बैरिकेड भी लगाए गए थे ताकि कोई नजदीक न जा सके।

मेन रोड स्थित मारवाड़ी धर्मशाला में नगर के जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान जी की तिलक लगाकर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की। पूजा के बाद, भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान जी की झांकी फूल मालाओं से सजाए गए रथ में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकली। शोभा यात्रा मारवाड़ी धर्मशाला से शुरू होकर बॉम्बे मार्केट, मेन रोड, थाना रोड, थाना चौक, बड़े मंदिर रोड, मध्यनगरी चौक, हनुमान मंदिर होते हुए मेला ग्राउंड पहुँची। मेला ग्राउंड में पूजा-अर्चना के बाद जोरदार आतिशबाजी के साथ 51 फीट ऊंचा रावण दहन किया गया, जिससे पूरा नगर उत्साह और उमंग से भर गया।

# झमाझम बारिश के बीच दुर्गा विसर्जन का निकला चल समारोह

**चांपा।** चांपा नगर में विजयादशमी पर मां दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन बरसते पानी के बीच धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ किया गया। रात से ही लगातार बारिश हो रही थी, जो शुक्रवार सुबह दिनभर रुक-रुककर होती रही। इस बारिश के बावजूद नगरवासियों का उत्साह कम नहीं हुआ। श्रद्धालु भीगते हुए भी मां दुर्गा की प्रतिमाओं को विसर्जन स्थल तक लेकर पहुंचे और मां को भावभीनी विदाई दी।

नगर के विभिन्न दुर्गा पंडालों से सुबह से ही प्रतिमाओं को विसर्जन यात्रा के लिए रवाना किया गया। पंडालों में कई दिनों तक चली भव्य पूजा-अर्चना और सांस्कृतिक आयोजनों के समापन पर श्रद्धालुजन अपनी आराध्या देवी मां दुर्गा को विदा करने पहुंचे। इस दौरान वातावरण भक्तिमय रहा और जगह-जगह ढोल-नगाड़ों की गूंज सुनाई दी।

नगर के प्रमुख दुर्गा पंडालों के अलावा बंगाली समाज द्वारा आयोजित पूजा समितियों ने भी विशेष उत्साह के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया। बंगाली समाज का यह पर्व 'दुर्गापूजा' विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रहा, जहां कई



दिनों तक पूजा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया था। आज सुबह से ही बंगाली समाज के लोग पारंपरिक परिधानों में इकट्?ठा होकर प्रतिमा विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। महिलाएं पारंपरिक लाल-पार सफेद साड़ियों में और पुरुष धोती-कुर्ता में नाचते-गाते हुए चल रहे थे। विसर्जन यात्रा के दौरान जगह-जगह मां के जयकारे गूंजते रहे जय माता दी, जय दुर्गे के नारों से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने ढोल-ताशे और डीजे की धुन पर नृत्य करते हुए मां को विदाई दी।

लोग ट्रैक्टरों और ट्रॉलियों में प्रतिमाओं को सजाकर नगर के प्रमुख मार्गों से नदी और तालाब की ओर निकले। नगर के तालाबों, महानदी और समीपस्थ जलाशयों में मूर्तियों का विसर्जन किया। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन ने विशेष सुरक्षा व्यवस्था की थी। नगर के प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल तैनात था, ताकि विसर्जन यात्रा सुचारू रूप से संपन्न हो सके। नगर पालिका द्वारा भी जलाशयों के किनारे साफ-सफाई और प्रकाश की व्यवस्था की थी। प्रशासन ने मूर्ति विसर्जन के लिए चिन्हित स्थानों पर ही प्रतिमाओं को विसर्जित करने की अपील की थी।

## कुरदा में 26वां अखंड नवधा रामायण 6 अक्टूबर से शुरू

**चांपा।** अखंड नवधा रामायण महोत्सव इस वर्ष भी कुरदा में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। यह महोत्सव अपने लगातार 26वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। आयोजन की शुरुआत 6 अक्टूबर, सोमवार से होगी। महोत्सव के अंतर्गत मानस गायन प्रतियोगिता 14 अक्टूबर (मंगलवार) को होगी। इसमें चयनित प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। 15 अक्टूबर (बुधवार) को कथा विश्राम, हवन और सहस्त्रधारा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। मानस गायन में प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी को 11001 हजार रुपए, द्वितीय को 7001, तृतीय को 5001, चतुर्थ को 3001, पंचम को 2501, षष्ठम को 2001, सप्तम को 1501, अष्टम को 1101 और नवम व दशम को 1001 की राशि से सम्मानित किया जाएगा।

## बारिश ने दी गर्मी से राहत बिजली गुल ने किया परेशान

**जांजगीर।** द्रोणिका और बंगाल की खाड़ी में सक्रिय चक्रवात के असर से शुक्रवार को जिले में मौसम ने करवट ली। सुबह और शाम हल्की से मध्यम बारिश हुई, जिससे जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं बिजली बंद होने से कई क्षेत्रों में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर पार क्षेत्र में शाम को बारिश के बाद करीब तीन घंटे तक बिजली गुल रही, जिससे घरों और दुकानों में कामकाज प्रभावित हुआ।

मौसम विभाग ने पहले ही जिले के लिए 24 घंटे का ऑरेंज



अलर्ट जारी किया था। शुक्रवार को दिनभर बादल छाए रहे लेकिन शाम 6.30 बजे तक बारिश नहीं होने से लोगों को उमस और गर्मी का सामना करना पड़ा। इसके बाद अचानक मौसम बदला और हल्की बारिश हुई। इसके बाद तापमान में हल्की गिरावट जरूर दर्ज की गई, लेकिन बिजली कटौती और नमी से लोगों को राहत नहीं मिली।

## केजव्हील से उखड़ी तेंदुआ की सड़क, मरम्मत नहीं होने से हादसे का डर

**सेमरा।** केजव्हील लगा ट्रैक्टर सड़क पर चलाने पर रोक है। इसका तेंदुआ में पालन नहीं हो रहा है। इससे सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो रही हैं और जगह-जगह फिसलन का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार मना करने के बावजूद ट्रैक्टर चालक मनमानी कर रहे हैं। प्रतिबंध के बावजूद प्रशासन की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। खराब सड़कों के कारण दोपहिया वाहन चालकों को रोजाना फिसलने और चोटिल होने का डर बना रहता है। स्थानीय लोगों ने सख्त कार्रवाई की मांग की है।




**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड-कोरबा (छ.ग.)**
Near Rotary Chowk, Dingapur, Korba (C.G.)
Contact No. 07759-228663, E-mail: eekor-phe-cg@nic.in

**ऑन लाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से DMFT मद अंतर्गत मां मड़वारानी मंदिर एवं मां मातिन दाई मंदिर परिसर में पेयजल व्यवस्था अंतर्गत विभिन्न कार्यों के लिए प्रतिशत दर फार्म ''अ'' में निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| निविदा क्र./दिनांक | सि.नि.क्र. | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 09/30.10.2025 | 176892 | 23.83 |
| 10/30.10.2025 | 176896 | 24.58 |

निविदा एवं कार्य का विस्तृत विवरण यथा धरोहर राशि, बिड वैद्यता की तिथि, कार्य की अवधि, निविदाकार की श्रेणी, एवं कार्यों तथा स्थल संबंधी जानकारी ऑन लाईन ई-प्रोक्यूरमेंट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 09.10.2025 से 17.10.2025 समय 5.30 बजे तक देखी एवं बिड डाली जा सकती है। निविदा में आगामी संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किये जावेगे। अतः निविदाकार ऑन लाईन निविदा प्रक्रिया में सतत् संपर्क में रहे। अन्य विवरण कार्यालयीन समय पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड कोरबा में देखे जा सकते हैं।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
खण्ड-कोरबा (छ.ग.)

जी-252603901/3



**न्यायालय तहसीलदार चांपा**
**जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**

1236, रा.प्र.क्र. ................/ अ-6-अ/2024-25
ग्राम- जगदल्ला, बरपाली, चांपा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण सुरेश कुमार एवं 07 अन्य एक अन्य निवासी बरपाली द्वारा ग्राम चांपा स्थित भूमि खसरा नं. 1964/1 और 1964/2 रकबा क्रमशः 0.330 हे. 0.155 हे. तथा ग्राम बरपाली स्थित भूमि खसरा नं 121/1 एवं 121/2, 37/1 रकबा क्रमशः 0.251 हे. 0.117 हे., 0.008 हे. तथा ग्राम जगदल्ला स्थित भूमि खसरा नं. एवं 404/1 एवं 404/2 रकबा क्रमशः 0.523 हे. 0.246 हे. मूमि आवेदकगण के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है आवेदकगण एक ही परिवार के सदस्य है जिसमें आवेदकगणों की आपसी बंटवारा अनुसार ग्राम-बरपाली स्थित भूमि 121/1, 121/2 एवं 37/1 भूमि तथा जगदल्ला स्थित भूमि खसरा नं. 404/1 में से 0.70 ए. एवं ग्राम-चांपा स्थित भूमि खसरा नं. 1964/1 एवं 1964/2 हिस्से में प्राप्त हुई है जिसमे प्रथम पक्ष स्वत्व सहित काबिज है तथा द्वितीय पक्षकार को ग्राम जगदल्ला स्थित भूमि खसरा नं. 404/2 एवं 404/1 में से 0.60 ए. भूमि हिस्से में प्राप्त हुई है जिसमें द्वितीय पक्ष स्वत्व सहित काबिज है, परन्तु खसरा रकबा एक दूसरे के नाम पर त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि हो गई है आवेदकगण जिसकी सही प्रविष्टि आपसी बंटवारा/सहमति/इकरारनामा के अनुसार किये जाने आवेदन, बी-1 खसरा, एवं इकरारनामा के प्रति के साथ पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 14..10.2025 तक न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

(सील) तहसीलदार
चांपा

**अनमोल वचन......**

हम जो कुछ भी है वह हमने आज तक क्या सोचा इस बात का परिणाम है।

## लोकतंत्र पर कथित हमलों को राहुल ने बताया भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा

*राहुल गांधी ने एक बार फिर विदेशी धरती पर यह कहा कि भारत में लोकतंत्र पर चौतरफा हमले हो रहे हैं। इस बार उन्होंने कोलंबिया में लोकतंत्र पर कथित हमलों को भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा बता दिया। वैसे तो राहुल गांधी एक अर्से से भारतीय लोकतंत्र को खतरे में पड़ा हुआ देख रहे हैं, लेकिन पिछले कुछ समय से वे इस खतरे को कुछ ज्यादा ही तूल दे रहे हैं।*

*वे इसके पहले भी अपनी विदेश यात्राओं में भारतीय लोकतंत्र के भविष्य को लेकर भय का भूत खड़ा कर चुके हैं। एक बार तो उन्होंने यह भी कह दिया था कि भारत में लोकतंत्र खत्म हो रहा है और बड़े लोकतांत्रिक देश इसकी परवाह भी नहीं कर रहे हैं। इधर उन्होंने वोट चोरी का मुद्दा भी लोकतंत्र के लिए खतरे के तौर पर ही उछाला हुआ है, लेकिन इस मुद्दे की हवा निकलती दिख रही है।*

*बिहार में मतदाता सूची का अंतिम मसौदा जारी हुए कई दिन बीत गए हैं, लेकिन वोट चोरी का दावा करने वाले ऐसे लोगों को सामने नहीं ला पा रहे हैं, जो बिहार के नागरिक हों और जिनका नाम वोटर लिस्ट से सभी वैध दस्तावेज होते हुए भी कट गया हो। ऐसा लगता है कि राहुल गांधी तब तक भारतीय लोकतंत्र को खतरे में पाएंगे, जब तक कांग्रेस केंद्र की सत्ता में नहीं आ जाती।*

*क्या लोकतंत्र के सुरक्षित होने की गारंटी यही है कि दल विशेष यानी कांग्रेस लगातार चुनाव जीते और वह देश पर शासन भी करे। क्या देश पर शासन करना कांग्रेस का जन्मसिद्ध अधिकार है। यदि राहुल गांधी यह समझ रहे हैं कि किसी मिथ्या आरोप को दोहराते रहने से वह सच की शक्ल ले लेगा तो ऐसा होने वाला नहीं है, भले ही वे दुनिया भर में घूम-घूम कर अपने आरोप दोहराते रहें। राहुल गांधी की समस्या केवल यह नहीं है कि वे निराधार आरोपों को तूल देते हैं और फिर उन पर टिके रहने की सामर्थ्य भी नहीं जुटा पाते, बल्कि यह भी है कि उनकी ओर से कई बार ऐसी गूढ़ या फिर पहेलीनुमा बातें कर दी जाती हैं, जिन्हें न तो समझा जा सकता है और न ही किसी को समझाया जा सकता है। कई बार तो उनके साथियों के लिए भी उनकी बातों का मतलब बता पाना कठिन होता है। उन्होंने कोलंबिया में इंजीनियरिंग के छात्रों के बीच कार और मोटरसाइकिल के इंजन के भार में अंतर को लेकर जो विचित्र एवं अबूझ व्याख्या प्रस्तुत की, वह यदि हास-परिहास का विषय बनी तो इसके लिए वे किसी अन्य को दोष नहीं दे सकते। अपने आरोपों पर कायम न रह पाने और रह-रह कर अबूझ बातें करने के कारण ही राहुल गांधी की छवि परिपक्व नेता की नहीं बन पा रही है। यदि इससे किसी को सबसे अधिक चिंतित होना चाहिए तो कांग्रेस को। इसलिए और भी, क्योंकि राहुल गांधी ही अघोषित रूप से उसका संचालन कर रहे हैं।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपको व्यापार में धन लाभ होगा , खर्च की अधिकता रहेगी। आज आप भौतिक सामानों की ख़रीद-फरोख्त कर सकते है। दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा, आज आपके बच्चे अच्छे से पढ़ाई करेंगे। सगे -संबधियों का आज आपके घर पर आना हो सकता है।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक -ठाक रहेगा। जो लोग आज किसी नए काम की शुरुआत करना चाहते है, आज उनके लिए दिन शुभ है। व्यापार में लाभ की स्थिति बढ़िया रहेगी , पारिवारिक माहौल खुशनुमा रहेगा। आज आप अपने काम के सिलसिले में किसी दूसरे शहर की यात्रा पर जा सकते हैं, आज आपकी मुलाकात मित्र से होगी, कुछ पुरानी यांदे ताजा होंगी।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन साबित होगा। अगर आप किसी प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करने के बारे में सोच रहे हैं तो आज अच्छा दिन है। वैवाहिक जीवन में कुछ नयी जिम्मेदारियों का आज आप अहसास करेंगे। बच्चों को लेकर ज्यादा सवेंदनशील होने की जरुरत नहीं है, आज वो अपना काम अच्छे से करेंगे। आज आपको सामाजिक समारोह में शामिल होने के लिए निमंत्रण प्राप्त हो सकता है।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ होगा, भौतिक सुख की प्राप्ति होगी। जिस काम के लिए आप काफी समय से परेशान चल रहे थे, आज वो काम पूरा हो जायेगा। ससुराल पक्ष से आज आपको शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए मिला -जुला रहने वाला है। फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोगो को आज किसी बड़ी फिल्म का ऑफर मिल सकता है। जिससे अनुभवी व्यक्तियों के साथ काम करने का मौका मिलेगा। दांपत्य जीवन में सुधार होगा, बच्चों का सहयोग मिलेगा।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स का बिजनेस करने वालों को आज अच्छा धन लाभ होगा। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा, घर-परिवार में सबसे रिश्ते मधुर होंगे। आज आपको जीवनसाथी से अच्छी खबर मिल सकती है। राजनीति से जुड़े हुए लोगो को आज वरिष्ठ व्यक्तियों से मिलने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए खास रहेगा। व्यापारिक दृष्टि से आज आप लाभ की स्तिथि में रहेंगे। जो लोग किसी स्टार्टअप को शुरू करना चाहते है, आज उनके पास बेहतरीन ऑफर मिलेगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी , बच्चों से खुशियां मिलेगी। अविवाहित व्यक्तियों के लिए आज अच्छा रिश्ता आएगा। लवमेट आज का दिन खुशी से बिताएंगे, आज आप लोग मूवी देखने जा सकते है।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहद खास रहने वाला है। जो लोग प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते है, उनको आज बढ़िया डील मिलेगी। दोस्तों के साथ आज आप अच्छा समय बिताएंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, उनको किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपको व्यापार में बढ़िया धन लाभ होगा, जिससे आपको बिजनेस में ग्रोथ मिलेगी। जीवनसाथी से रिश्ते मधुर होंगे। आज आप परिवार के साथ किसी ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते है। डिजिटल दुनिया से जुड़े लोगो को आज एक नयी दिशा मिलेगी।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने वालों को आज दोगना लाभ होगा। आज आप पैसों के लेन -देंन से बचकर रहे , किसी अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करे। रोजगार में तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे, पारिवारिक माहौल खुशियों से भरा होगा।

**कुम्भ राशिः** आज का दिन आपके लिए भाग्यशाली रहेगा। आज आपको व्यापार में बड़ा धन लाभ होगा। दाम्पत्य जीवन में खुशियां आएंगी, जीवनसाथी के साथ आज आप डिनर पर जायेंगे। मेडिकल के स्टूडेंट को आज अनुभवी डॉक्टरों से मिलने का अवसर मिलेगा।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक -ठाक रहेगा। व्यापारिक दृष्टि से आज आपके लाभ की स्थिति अच्छी रहेगी। आज आप भौतिक सुख-सुविधाओं पर अत्यधिक खर्च कर सकते है जमीन-जायदाद के मामले में आज आपको कोर्ट-कचहरी से बड़ी राहत मिलने वाली है। आज आप अपने घर पर किसी अनुष्ठान का आयोजन कर सकते है। आज का दिन छात्रों के लिए बेहतर रहेगा, शिक्षकों का सहयोग मिलेगा। महिलाओं को आज किसी सामाजिक समारोह में शामिल होने का अवसर प्राप्त हो सकता है।

# सीट बंटवारे पर टिका महागठबंधन जिद से बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक 85 साल बाद बिहार में हुई। नासिर हुसैन ने दावा किया कि कांग्रेस बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन का नेतृत्व करेगी। कांग्रेस राहुल गांधी द्वारा उठाए जा रहे सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों पर टिकी है। 'अति पिछड़ा न्याय संकल्प' कांग्रेस की चुनावी रणनीति का संकेत है। कार्यसमिति की बैठक के लिए 85 साल बाद बिहार लौटी कांग्रेस के इरादे को लेकर कोई संदेह था भी तो उसे पार्टी महासचिव नासिर हुसैन ने दूर कर दिया। उनका दावा है कि कांग्रेस जल्द ही घोषित होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के प्रचार अभियान का नेतृत्व करेगी। पटना के सदाकत आश्रम में पांच घंटे चली कार्यसमिति की बैठक में पारित प्रस्तावों में उठाए गए मुद्दों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, लेकिन असल मकसद विधानसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाना और महागठबंधन में जीत की संभावनाओं वाली 'यादा से 'यादा सीटों के लिए दबाव ही है।**



कांग्रेस की चुनावी उम्मीदें भी राहुल द्वारा उठाए जा रहे सामाजिक न्याय और वोट चोरी जैसे मुद्दों पर ही टिकी हैं। बैठक में पारित 'अति पिछड़ा न्याय संकल्प' कांग्रेस की चुनावी रणनीति का ही संकेत है।

जाति-संप्रदाय में बंटी बिहार की राजनीति में अपना वोट बैंक बनाए या बढ़ाए बिना आगामी चुनाव में बड़ा परिवर्तन संभव नहीं। लगभग साढ़े तीन दशक पहले मंडल-कमंडल के बीच राजनीतिक ध्रुवीकरण की प्रक्रिया में ज्यादातर ओबीसी और अल्पसंख्यक लालू यादव के पक्ष में गोलबंद हो गए तो सवर्ण जातियां भाजपा के साथ। दलितों का बड़ा हिस्सा रामविलास पासवान के साथ जुड़ गया। अपनी राजनीतिक संभावनाओं के लिए नीतीश कुमार को अति पिछड़े और महादलित का समीकरण बनाना पड़ा, जिसमें कुछ अल्पसंख्यक वर्ग भी जुड़ा।

इसी प्रक्रिया में लालू यादव के राजद का मुख्य जनाधार यादव-मुस्लिम गठजोड़ तक सिमट गया, जो अब विजयी समीकरण नहीं बनाता। दूसरी ओर, तमाम विस्तार के बावजूद भाजपा ओबीसी और दलित वर्ग में ज्यादा विस्तार नहीं कर पाई। अल्पसंख्यकों में भी भाजपा की पहुंच पसमांदा वर्ग तक ही सीमित है। इसीलिए दोनों पक्षों को सरकार बनाने के लिए नीतीश कुमार के जदयू की जरूरत पड़ती है, जिसकी ईबीसी, महादलित और अल्पसंख्यक वर्ग में स्वीकार्यता है। अब जब नीतीश कुमार का राजनीतिक जीवन ढलान पर है, कांग्रेस ईबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग को आकर्षित कर अपना जनाधार बढ़ाना चाहती है।

अति पिछड़ा न्याय संकल्प के 10 सूत्र सामाजिक एवं आर्थिक रूप से अति पिछड़े वर्ग के सर्वांगीण विकास को ही लक्षित करते हैं, जिनमें आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत तक बढ़ाने से लेकर शिक्षा के अधिकार के तहत निजी स्कूलों में 50 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने और सरकारी ठेकों तक में भी 50 प्रतिशत आरक्षण देने जैसे वादे शामिल हैं। राहुल के आरोपों की सत्यता तो किसी निष्पक्ष जांच से ही पता चल पाएगी, लेकिन कई बार सच से ज्यादा जनधारणा निर्णायक साबित होती है। वोट चोरी के आरोपों के समर्थन में राहुल ने अभी तक कर्नाटक और महाराष्ट्र के चुनाव क्षेत्रों के उदाहरण दिए हैं। जीत की संभावना के बीच हरियाणा में हार जाने की चर्चा भी वह करते रहे हैं। विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) में लाखों वोट काटे जाने को लेकर उन्होंने 'वोटर अधिकार यात्रा' बिहार में निकाली। इससे कांग्रेस का खस्ताहाल संगठन सक्रिय हुआ। कार्यसमिति की बैठक के जरिये कांग्रेस ने उस माहौल को बनाए रखते हुए सीट बंटवारे में मजबूत दावेदारी पेश की है। चर्चा है कि कांग्रेस ने 76 विधानसभा सीटों की सूची भी तेजस्वी यादव को इस संदेश के साथ सौंप दी है कि अगर सीट शेयरिंग में विलंब हुआ तो वह 30 सीटों पर प्रचार शुरू कर देगी। राजद बिहार विधानसभा में सबसे बड़ा दल है। फिर भी कांग्रेस उपमुख्यमंत्री रह चुके तेजस्वी को आगामी विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री चेहरा घोषित करने में टालमटोल कर रही है। 2020 में हुए विधानसभा चुनाव में राजग और महागठबंधन के बीच कड़ा मुकाबला हुआ था। राजग में सबसे शानदार प्रदर्शन भाजपा ने किया था, जबकि जदयू का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। महागठबंधन में सबसे अच्छा प्रदर्शन राजद ने किया, जबकि कांग्रेस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। 70 सीटें लड़ने वाली कांग्रेस मात्र 19 सीटें जीत पाई। छोटे-छोटे वाम दलों का प्रदर्शन भी कांग्रेस से बेहतर रहा। ऐसे में बिहार चुनाव में सबसे अहम दोनों गठबंधनों में सीटों का बंटवारा होगा।

अतीत का अनुभव बताता है कि भाजपा अपना गठबंधन बेहतर ढंग से संभाल लेती है, पर ऐसा महागठबंधन या आईएनडीआईए के बारे में नहीं कहा जा सकता। हरियाणा में आप अलग लड़ी तो कांग्रेस एक प्रतिशत से भी कम मतों के अंतर से चुनाव हार गई। प्रतिशोधस्वरूप दिल्ली में कांग्रेस सभी सीटों पर लड़ी। कांग्रेस जीत तो एक भी सीट नहीं पाई, पर आप को सत्ता से बाहर करा दिया। महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करने वाले महाविकास आघाड़ी ने चंद महीने बाद हुए विधानसभा चुनाव में उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किया होता तो वैसी दुर्दशा नहीं होती। ऐसे में यह देखना महत्वपूर्ण होगा बिहार महागठबंधन में सीटों का बंटवारा किस तरह हो पाता है। यदि जाति जनगणना और वोट चोरी जैसे मुद्दों से उत्साहित कांग्रेस 70 सीटों पर लड़ने की जिद करेगी तो महागठबंधन में मुश्किलें बढ़ेंगी। अगर दबाव की रणनीति तेजस्वी यादव को महागठबंधन का मुख्यमंत्री चेहरा न घोषित करने तक आगे बढ़ी, तो इसका मतलब है कि कांग्रेस ने महाराष्ट्र से कोई सबक नहीं सीखा।

# भारतीयों के प्रति जहर उगलने में खर्च हो रही है पाकिस्तान की पूरी ऊर्जा

//ए. सूर्यप्रकाश//

**लेख में पाकिस्तान की भारत के प्रति नफरत और उसकी अमानवीय हरकतों का वर्णन है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले और एशिया कप में भारतीय टीम द्वारा पाकिस्तान को हराने का उल्लेख किया गया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के बेशर्मी भरे दावों और परमाणु युद्ध की धमकी का भी जिक्र है। इस साल अप्रैल में पाकिस्तानी आतंकियों ने पहलगाम में मजहब पूछकर 26 गैर-मुस्लिमों की निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी थी। पूरा देश इस घटना से शोक और आक्रोश में डूबा हुआ था, जबकि अधिकांश पाकिस्तानी इस बर्बर कृत्य की सराहना में लगे हुए थे। असल में अधिकांश पाकिस्तानी हिंदुओं के प्रति कुंठा और नफरत से भरे हुए हैं। चूंकि उनका वजूद ही नफरत पर टिका हुआ है, इसलिए वे इस भाव से बाहर निकल पाने में असमर्थ हैं। उनकी अशिष्ट भाषा भी उनकी अशिक्षा और हताशा को ही दर्शाती है।**



पढ़े-लिखे टेलीविजन एंकर, सैन्य जनरल से लेकर क्रिकेटर तक भी इसी नफरती आग के शिकार हैं। इस निर्लज्ज व्यवहार का ताजा नमूना बीते दिनों तब देखने को मिला, जब भारतीय टी-20 कप्तान सूर्य कुमार यादव को पूर्व पाकिस्तानी कप्तान मोहम्मद यूसुफ ने एक टीवी कार्यक्रम में अपमानजनक शब्द कहे। इस पर एंकर या अन्य प्रतिभागी भी उन्हें टोकने के बजाय खुद भी बेशर्मी से हंसने लगे। यह पाकिस्तान के चरित्र को दर्शाता है कि यह देश पूरी तरह अमानवीय है और उसकी ऊर्जा केवल भारतीयों के प्रति जहर उगलने में खर्च हो रही है।

एशिया कप में तीन बार भारत के हाथों मुंह की खाकर तिलमिलाने वाले पाकिस्तान का दामन अतीत से ही दागदार रहा है। खुद की अलग पहचान को मुद्दा बनाकर भारत विभाजन के बाद पाकिस्तान निर्माण से भी यह तबका संतुष्ट नहीं हुआ। अपने अस्तित्व में आने के बाद से पाकिस्तान का ध्यान अपनी तरक्की पर कम, भारत को नुकसान पहुंचाने पर अधिक रहा है।

वह भारत से बदला लेने के लिए इतना जुनून से भरा है कि अपने लोगों के भी निर्ममतापूर्वक दमन से बाज नहीं आता। इसका उदाहरण पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर में देखने को मिल रहा है। वहां लोग बगावत की राह पर हैं। भारत को पाकिस्तान के बिगड़ते हालात से सतर्क रहना होगा।

पाकिस्तान भारत के खिलाफ कितना भी जहर उगले, उसे भारत के खिलाफ लड़ी सभी लड़ाइयों में शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा है। 1965 के युद्ध में हारने के बाद वह हाजी पीर पास वापस करने के लिए गिड़गिड़ाया। फिर 1971 में 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों ने ढाका में भारतीय सेना के सामने आत्मसमर्पण किया। यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद किसी सेना का सबसे बड़ा और शर्मनाक आत्मसमर्पण था। शिमला में समझौते की मेज पर भुट्टो ने इन सैनिकों और कुछ अन्य इलाके वापस करने की भीख मांगी।

1999 के कारगिल संघर्ष में घुसपैठ के उसके मंसूबों पर भारतीय सैनिकों ने पानी फेर दिया। पाकिस्तान की अमानवीयता उस समय भी उजागर हुई थी, जब उस संघर्ष में मारे गए अपने सैनिकों के शव तक स्वीकार करने से उसने इन्कार कर दिया था। इस मामले में 2025 की कहानी भी अलग नहीं, जब पहलगाम हमले के बाद पीएम मोदी ने तय कर लिया कि अब बहुत हो चुका है और पाकिस्तान को उसकी करतूत की कीमत भुगतनी ही होगी।

ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने पाकिस्तान के भीतरी इलाकों में स्थित लश्कर और जैश के आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया। फिर भारतीय वायु सेना ने नूर खान एयर बेस सहित कई पाकिस्तानी एयर बेस और एयर स्ट्रिप्स को भी नष्ट किया। पाकिस्तान की हालत इतनी पतली हो गई कि उसने युद्धविराम की गुहार लगाई। यह बात अलग है कि उसकी धमकियों और ढोंग का सिलसिला आज तक जारी है।

पहलगाम आतंकी हमले पर पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने बेशर्मी से दावा किया कि इसे भारत के अपने लोगों ने ही अंजाम दिया और इसमें पाकिस्तानियों का कोई हाथ नहीं। पहले आतंकी हमला करना और फिर उससे पल्ला झाड़ना पाकिस्तान के लिए कोई नई बात नहीं। मुंबई हमले के बाद भी पाकिस्तान उसके पीछे अपनी भूमिका से कन्नी काटता रहा, पर अजमल कसाब के जिंदा पकड़े जाने से उसकी पोल पूरी दुनिया के सामने खुल गई।

पहलगाम हमले से कुछ दिन पहले ही जनरल आसिम मुनीर ने भारत और हिंदुओं के खिलाफ जमकर जहर उगला था। जबकि पाकिस्तान के मंत्री हनीफ अब्बासी ने तो सार्वजनिक रूप से कहा था कि पाकिस्तान के पास भारत को निशाना बनाने के लिए चिह्नित 130 परमाणु वारहेड हैं। परमाणु युद्ध की विभीषिका को समझने वाला कोई भी समझदार व्यक्ति ऐसी बातें नहीं करेगा।

एशिया कप से पहले पाकिस्तान के साथ मैच न खेलकर उसके बहिष्कार की मांग भी उठी थी, लेकिन व्यावहारिक दृष्टिकोण को देखते हुए भारतीय टीम उसके खिलाफ खेलने उतरी। हालांकि भारतीय टीम ने पहले से तय कर लिया था कि पाकिस्तानियों से कोई संपर्क-शिष्टाचार नहीं रखना है। कप्तान ने टास के दौरान पाकिस्तानी समकक्ष से हाथ नहीं मिलाया। खिलाड़ियों ने भी मैच के बाद विरोधियों से हाथ मिलाने के पारंपरिक शिष्टाचार से किनारा किया। उसके बाद पाकिस्तानियों की बेचैनी देखने को मिली।

उन्होंने शिकायती लहजे में हाथ-पैर तो खूब मारे, पर कहीं कोई राहत नहीं मिली। फाइनल जीतने के बाद भारतीय टीम ने पाकिस्तानी गृहमंत्री और एशियाई क्रिकेट परिषद के प्रमुख मोहसिन नकवी के हाथों ट्राफी नहीं लेने का फैसला किया। तब नकवी निर्लज्जता दिखाते हुए ट्राफी-पदक लेकर वहां से निकल गए। फाइनल में जीत के बाद जब पीएम मोदी ने यह पोस्ट किया कि 'खेल के मैदान में भी आपरेशन सिंदूर जारी है और परिणाम भी वैसा ही रहा' तो यह साफ हो गया कि यह मामला महज खेल तक सीमित नहीं रहा। इस पर कप्तान सूर्यकुमार यादव का जवाब भी बहुत कुछ कहता है कि 'जब देश का नेता खुद फ्रंटफुट पर बल्लेबाजी करता है, तो अच्छा लगता है।'

एशिया कप में सहभागिता का निर्णय लेने के बाद उसे जीतना देश के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया था। खासतौर से पहलगाम हमले के बाद खेल के मैदान में भी उसका बदला चुकाने के लिए पाकिस्तान को कुचलना बेहद जरूरी था। इसके बावजूद भारत के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने इस बिगड़ैल पड़ोसी के साथ अपने समीकरणों को नए सिरे से तय करे। उसे केवल चेतावनी देना ही पर्याप्त नहीं। भारत को 1965 और 1971 जैसी उदारता नहीं दोहरानी चाहिए। तभी हम सीमापार की चुनौतियों से निपट सकेंगे।




# पंचायतों तक पहुंची डिजिटल क्रांति, सबको मिलेगा फायदा

//डॉ. ऋतु सारस्वत//

**हाल में विशाखापत्तनम में ग्राम पंचायतों को डिजिटल सेवा में जमीनी स्तर की पहलों के लिए राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार (एनएईजी) 2025 से सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार के लिए 1.45 लाख से अधिक प्रविष्टियों का मूल्यांकन किया गया, जिसके परिणामस्वरूप चार ग्राम पंचायतों को 'सेवा वितरण को गहन बनाने के लिए ग्राम पंचायतों में जमीनी स्तर की पहल' श्रेणी में पुरस्कृत किया गया। इनमें से दो ग्राम पंचायतों की मुखिया महिलाएं हैं।**

डिजिटल विभाजन केवल तकनीक तक पहुंच की कमी नहीं है, बल्कि यह सामाजिक-आर्थिक असमानताओं, लैंगिक मानदंडों और डिजिटल साक्षरता के अंतरालों में गहराई से निहित है। पंचायती राज संस्थाओं में महिला नेताओं को कई बाधाओं का सामना करना पड़ता है, जिनमें डिजिटल बुनियादी ढांचे तक सीमित पहुंच भी शामिल है, लेकिन पिछले एक दशक में मोदी सरकार के डिजिटल क्रांति के निरंतर आह्वान ने इस तस्वीर को बदल दिया है, जिसका परिणाम इन पुरस्कारों के रूप में सामने आया है। विजेता पंचायतों ने डिजिटल शासन, पारदर्शिता और सहभागी सेवा वितरण में नए मानक स्थापित किए हैं। स्वर्ण पुरस्कार विजेता महाराष्ट्र की 'रोहिणी ग्राम पंचायत' पूरी तरह से पेपरलेस ई-आफिस प्रणाली अपनाने वाली राज्य की पहली ग्राम पंचायत बन गई है। यह पंचायत 1,027 आनलाइन सेवाएं प्रदान करती है और शत-प्रतिशत घरेलू डिजिटल साक्षरता सुनिश्चित करती है। तत्काल शिकायत निवारण और एसएमएस के माध्यम से सूचना पहुंचाने की व्यवस्था यह सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक नागरिक शासन के निर्णयों से जुड़ा रहे। वहीं रजत पुरस्कार विजेता त्रिपुरा की पश्चिमी मजलिशपुर ग्राम पंचायत नागरिक चार्टर-आधारित पंचायत शासन के एक माडल में तब्दील हो गई है। यहां जन्म, मृत्यु, विवाह प्रमाणपत्र, व्यापार लाइसेंस, संपत्ति रिकार्ड और मनरेगा जाब कार्ड जैसी सेवाएं आनलाइन उपलब्ध हैं। हर अनुरोध की डिजिटल निगरानी की जाती है, जिससे जवाबदेही, समयबद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित होती है। जूरी पुरस्कार प्राप्त गुजरात की पलसाना ग्राम पंचायत ने क्यूआर/यूपीआइ-आधारित संपत्ति कर भुगतान, आनलाइन शिकायत निवारण और पारदर्शी कल्याणकारी वितरण को सक्षम करने के लिए 'डिजिटल गुजरात' और 'ग्राम सुविधा' जैसे पोर्टलों को एकीकृत किया है। दूसरी जूरी पुरस्कार विजेता ओडिशा की सुआकाटी ग्राम पंचायत ने 'ओडिशा वन' और 'सेवा ओडिशा' प्लेटफार्मों के माध्यम से आवश्यक सेवाओं का डिजिटलीकरण किया है, जिससे नागरिकों को 24 घंटे अपडेट मिल रहा है। यह दर्शाता है कि कैसे तकनीक सरकार और नागरिकों के बीच की दूरी को पाटती है। राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना 2006 में शुरू की गई थी। इसके अंतर्गत पंचायती राज संस्थानों में ई-गवर्नेंस को मजबूत करने और ई-गवर्नेंस अनुप्रयोगों में शामिल जटिलताओं को कम करने के लिए ई-ग्रामस्वराज लांच किया गया। आज 'पंचायत निर्णय एप' के माध्यम से ग्राम सभा बैठकों सहित पंचायतों की बैठकों का प्रबंधन किया जा रहा है। ग्राम सभाओं में नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए एप में प्रविधान किया गया है, ताकि जब भी ग्राम सभा की बैठक निर्धारित की जाए या पंचायत द्वारा पंचायत निर्णय पोर्टल या मोबाइल एप पर बैठक का एजेंडा या मिनट अपलोड किया जाए, तो एप उपयोगकर्ता समस्त जानकारी को सहजता से प्राप्त कर सकें। कई राज्यों में पंचायतें अब इलेक्ट्रानिक तरीके से जन्म, मृत्यु, आय, विवाह, निवास प्रमाण पत्र जारी करने, निर्माण और व्यापार की अनुमति तथा संपत्ति और गृह कर आदि का भुगतान जैसी सेवाएं प्रदान कर रही हैं। महाराष्ट्र, झारखंड और छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रानिक तरीके से सेवाएं प्रदान करने के लिए विकसित सर्विसप्लस एप्लीकेशन का उपयोग कर रहे हैं। हाल में पंचायती राज मंत्रालय द्वारा शुरू 'सभासार' इसकी डिजिटल यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। एआई और नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग पर आधारित यह स्मार्ट टूल ग्राम सभा और पंचायत बैठकों की आडियो/वीडियो रिकार्डिंग से मिनटों में सुव्यवस्थित मीटिंग का सारांश तैयार करता है। बीते 15 अगस्त को आयोजित विशेष ग्राम सभाओं में 'सभासार' का उपयोग उल्लेखनीय और उत्साहजनक रहा, जब देशभर की 12,800 से अधिक ग्राम पंचायतों ने इस नवाचारी उपकरण का प्रयोग करते हुए 21,000 से ज्यादा वीडियो-आधारित कार्यवृत्त अपलोड किए। इस अवसर पर त्रिपुरा की लगभग सभी 1,193 ग्राम पंचायतों और पारंपरिक स्थानीय निकायों ने 'सभासार' को अपनाकर सफलता का नया उदाहरण प्रस्तुत किया, वहीं अन्य राज्यों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

# बांग्लादेश में हिंसक झड़पों में भारत का कोई हाथ नहीं, विदेश मंत्रालय ने इन दावों को किया खारिज



**नईदिल्ली, 04 अक्टूबर [एजेंसी]।**

भारत ने बांग्लादेश के अधिकारियों के उस दावे को खारिज किया है, जिसमें कहा गया था कि देश में जारी उथल-पुथल और हिंसक झड़पों के पीछे भारत का हाथ है। पिछले सप्ताह दक्षिण-पश्चिमी बांग्लादेश के चटगांव पहाड़ी क्षेत्र के खगराछारी जिले में हुई झड़पों के बाद, मौजूदा गृह मंत्री जहांगीर आलम चौधरी ने आरोप लगाया था कि भारत हिंसा को बढ़ावा दे रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इन आरोपों को निराधार और झूठा बताया है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार देश में कानून और व्यवस्था को कायम नहीं रख पा रही है और दूसरों पर दोष मढ़ रही है। उन्होंने कहा कि चटगांव पहाड़ी क्षेत्र में अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ हिंसा, आगजनी और भूमि हड़पने वाले स्थानीय चरमपंथियों की कार्रवाई पर गौर कराना बेहतर होगा। पिछले हफ्ते दुष्कर्म की एक घटना के बाद जिले में हिंसा फैली थी।कनाडा के साथ मिलकर तय करेंगे सुरक्षा सहयोग लारेंस विश्नोई गिरोह को कनाडा में आतंकी संगठन के रूप में सूचीबद्ध करने के बारे में पूछे गए एक सवाल पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत और कनाडा आतंकवाद और अंतरराष्ट्रीय अपराधों से निपटने सहित सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देने पर सहमत हुए हैं। उन्होंने 18 सितंबर को डोभाल और ड्रोइन के बीच हुई बातचीत का भी उल्लेख किया।उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने आतंकवाद निरोध, अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध से निपटने और खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने पर उपयोगी चर्चा की। चीन के साथ संबंधों में तेजी से सुधार विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भारत और चीन के बीच सीधी उड़ान सेवाओं को बहाल किए जाने को बड़ा कदम बताया है। उन्होंने कहा कि चीन के साथ व्यापारिक गतिविधियां भी बढ़ रही है। दोनों देशों के बीच अक्टूबर के अंत में उड़ान सेवाएं शुरू कर दी जाएंगी। यह निश्चित रूप से भारत और चीन के बीच संबंधों के सामान्यीकरण की बढ़ती प्रवृत्ति के अनुरूप है। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी पहली बार भारत दौरे पर आ रहे हैं। इसके साथ ही भारत और तालिबान सरकार के बीच संबंधों के नए अध्याय की शुरुआत होगी। इसे देखते हुए सभी की निगाहें मुत्तकी के दौरे पर लगी हुई हैं। इस दौरे के लिए उन्हें यूएन सुरक्षा परिषद से विशेष छूट दी गई है।वह यहां विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोवाल से भी मिलेंगे।

उनके आगमन से जुड़े सवाल पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि मंत्रालय अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार के साथ निरंतर संपर्क में है। उन्होंने कहा कि इस सिलसिले में जो भी अपडेट होगा, वो दिया जाएगा।

## भारतीय न्याय व्यवस्था कानून के चलती है, बुलडोजर से नहीं, मॉरीशस यात्रा पर बोले सीजेआई गवई

**मॉरीशस 4 अक्टूबर।** प्रधान न्यायाधीश (सीजेआइ) बीआर गवई ने कहा कि भारतीय न्याय व्यवस्था बुलडोजर के शासन से नहीं, बल्कि कानून के शासन से चलती होती है। मॉरीशस में सबसे बड़े लोकतंत्र में कानून का शासन विषय पर सर मौरिस राल्ट स्मृति व्याख्यान 2025 का उद्घाटन करते हुए उन्होंने बुलडोजर न्याय की निंदा करने वाले अपने ही फैसले का उल्लेख किया। प्रख्यात न्यायविद सर मौरिस राल्ट 1978 से 1982 तक मॉरीशस के प्रधान न्यायाधीश थे। जस्टिस गवई मारीशस की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं।उन्होंने कहा कि बुलडोजर न्याय मामले में दिए गए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने माना कि कथित अपराधों को लेकर अभियुक्तों के घरों को गिराना कानूनी प्रक्रियाओं को दरकिनार करता है, कानून के शासन का उल्लंघन करता है और संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत आश्रय के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करता है। उन्होंने कहा कि यह भी माना गया कि कार्यपालिका अन्य भूमिका नहीं निभा सकती। इस मौके पर मारीशस के राष्ट्रपति धर्मबीर गोखूल, प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम और प्रधान न्यायाधीश रेहाना मुंगली गुलबुल आदि भी उपस्थित थे। अपने संबोधन में प्रधान न्यायाधीश ने 1973 के केशवानंद भारती मामला सहित सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न ऐतिहासिक फैसलों का उल्लेख किया।

## देश और नागरिकों पर आंच आई तो हर सीमा पार कर सकता है भारत, पाकिस्तान पर बरसे राजनाथ सिंह

**हैदराबाद, 04 अक्टूबर [एजेंसी]।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि राजग सरकार ने कई बार साबित किया है कि देश के एकता और अखंडता और नागरिकों की सुरक्षा के लिए हम कोई भी सीमा पार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 में बालाकोट एयर स्ट्राइक और हाल में ऑपरेशन सिंदूर के जरिये हमने साबित कर दिया है। जैन अंतरराष्ट्रीय व्यापार संगठन (जेआईटीओ) के जीतो कनेक्ट कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पहलगाम में लोगों को धर्म के आधार पर चुन-चुनकर मारा गया, लेकिन जब भारत ने पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक की तो उसने धर्म नहीं देखा। राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार ने केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया ताकि पहलगाम आतंकी हमलों के जिम्मेदारों को सजा दी जा सके। हमने किसी सैन्य या नागरिक प्रतिष्ठानों पर कभी हमला नहीं किया। अगर हम चाहते, तो पहले ही कर सकते थे, लेकिन हमने नहीं किया।उन्होंने दावा किया कि हम अपनी सैन्य और आर्थिक ताकत को किसी प्रभुत्व के लिए नहीं बढ़ा रहे, बल्कि भगवान महावीर की शिक्षाओं में प्रतिबिंबित धर्म, आस्था और मानवीय मूल्यों के आदर्शों की रक्षा के लिए ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बात जब भारत के गौरव और साख की आती है तो हम समझौता नहीं करते। राजनाथ ने कहा कि राजग सरकार के 11 साल के कार्यकाल में देश का रक्षा निर्यात 600 करोड़ से बढ़कर 24 हजार करोड़ पर पहुंच गया है। 2029 तक इसके 50 हजार करोड़ पार कर जाने का अनुमान है।उन्होंने कहा कि हमारा पूरा ध्यान आत्मनिर्भरता पर है और विदेशों पर निर्भरता लगातार कम हो रही है। हम तेजस लड़ाकू विमान, आकाश मिसाइल, अर्जुन टैंक, प्रचंड हेलिकॉप्टर को स्वदेशी तकनीक पर तैयार कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश जल्दी ही दुनिया की फैक्ट्री बनकर उभरेगा। 2030 तक भारत 7.3 ट्रिलियन डालर की इकोनमी बन जाएगा। उन्होंने जैन समुदाय की भी प्रशंसा की और कहा कि देश की आबादी में इस समुदाय का हिस्सा केवल 0.5 प्रतिशत है, जबकि टैक्स योगदान में ये लगभग 24 प्रतिशत का योगदान देते हैं।

# जेल पहुंचते ही सामने आई अली अहमद की ऐसी तस्वीर दंग रह गए अधिकारी, पूर्व IPS के दावे से मचा हड़कंप

**झांसी , 04 अक्टूबर [एजेंसी]।**



अहमद की तलाशी लेते पुलिसकर्मी और आसपास पुलिसकर्मी खड़े नजर आ रहे हैं।

माफिया अतीक अहमद के बेटे अली अहमद का जेल के अन्दर तलाशी का वीडियो वायरल होने के बाद अफरातफरी मची हुई है। वीडियो को संज्ञान लेकर शासन ने जांच बैठा दी है और कई जेल कर्मियों से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। इस मामले में ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों पर गाज गिरना तय माना जा रहा है। पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने डीजी (जेल) समेत गृह सचिव को पत्र लिखकर कथित वीडियो के मामले की जांच कर कार्यवाही की मांग उठाई है। वायरल वीडियो में जेल के अन्दर अली पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने शिकायत करते हुए कहा है कि तलाशी का जो कथित वीडियो सामने आया है, वह प्रथम दृष्ट्या झांसी जेल के बाहर का नहीं, उस स्थान का प्रतीत होता है जो जेल के गेट के ठीक अन्दर होता है। जहां, कैदियों की जेल में प्रवेश से पहले तलाशी ली जाती है। अमिताभ ठाकुर ने लिखा है कि इस प्रकार जेल के अन्दर की तलाशी का वीडियो बनाकर उसे सार्वजनिक करने का आरोप अपने आप में अत्यंत गंभीर है, विशेषकर तब जब सम्बन्धित कैदी को सुरक्षा और अन्य कारणों से नैनी जेल (प्रयागराज) से सैकड़ों किलोमीटर दूर झांसी जेल में स्थानांतरित किया गया है।

वरिष्ठ जेल अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। प्रयागराज में बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड में अली अहमद भी नामजद है। उस पर अतीक अहमद, असद समेत अन्य के साथ मिलकर उमेश पाल की हत्या की साजिश रचने का आरोप है। अली अहमद 30 जुलाई 2022 से नैनी सेंट्रल जेल में बंद था। वहाँ उसे हाई सिक्योरिटी सेल में रखा गया था। उसके खिलाफ जमीन कारोबारी जीशान ने 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसके बाद से वह जेल में ही बंद है।

# बिहार में बालू-शराब माफियाओं की अब खैर नहीं, कैबिनेट ने आपराधिक संपत्ति जब्ती नियमावली के गठन की दी मंजूरी

**पटना, 04 अक्टूबर [एजेंसी]।**



राज्य में बालू एवं शराब माफिया के साथ संगठित अपराध में शामिल अपराधियों की संपत्ति जब्ती की प्रक्रिया में अब तेजी आएगी।राज्य कैबिनेट ने इसके लिए बिहार आपराधिक प्रक्रिया (अभिरक्षा एवं संपत्ति का निस्तार) नियमावली 2025 के गठन के प्रस्ताव की स्वीकृति दे दी है। अभी तक राज्य में अपराधियों की संपत्ति जब्ती के लिए स्पष्ट प्रक्रिया निर्धारित नहीं थी। इसके साथ ही राज्य में छोटे अपराध करने पर दोषियों को सामुदायिक दंड भी दिया जा सकेगा। इसके लिए भी नियमावली का गठन किया जाएगा। भारतीय न्याय संहिता, 2023 एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-23 के तहत इसका प्रविधान किया गया है। राज्य कैबिनेट ने इसे लागू करने के लिए बिहार सामुदायिक सेवा नियमावली, 2025 गठित करने की स्वीकृति दी है। डायल-112 वाहनों के परिचालन कार्य के लिए आर्मी वेलफेयर प्लेसमेंट ऑर्गनाइजेशन एजेंसी से सेना के रिटायर्ड चालकों की स्वीकृत मानदेय की राशि को 25 हजार 750 रुपये से बढ़ाकर 30 हजार रुपये मासिक करने की स्वीकृति दी गई है।

इसके अलावा पुलिस आधुनिकीकरण और अग्निशमन आदि के लिए भी करोड़ों की राशि की स्वीकृति दी गई है। राज्य में साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को देखते हुए साइबर अपराध एवं सुरक्षा इकाई के गठन की स्वीकृति दी गई है। अभी तक यह आर्थिक अपराध इकाई के अंतर्गत काम करता था जिससे पृथक कर नई स्वतंत्र इकाई बनाई गई है। इसके लिए 23 नए पदों का सृजन करते हुए पहले से सृजित 321 पदों को कर्णांकित किया गया है। इसके साथ ही 207 पदों को हस्तांतरित किए जाने की भी स्वीकृति दी गई है।

### पूर्णिया में ज्वेलरी लूट कांड का पर्दाफाश

## पुलिस ने 3 अंतर्राज्यीय अपराधी किया गिरफ्तार, लाखों रुपए के सोने-चांदी बरामद

**पूर्णिया, 04 अक्टूबर [एजेंसी]।**

सिटी नाका चौक स्थित एक ज्वेलरी दुकान से सोने और चांदी के जेवरात लूटने वाले तीन अंतर्राज्यीय गिरोह के अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।गिरफ्तार अपराधियों के पास से 6.9 किलो चांदी और 40 ग्राम सोने के जेवरात बरामद हुए हैं। इनमें उड़ीसा के दीपक प्रधान, अजय प्रधान और आंध्रप्रदेश के आवल मलिंगा शामिल हैं।यह जानकारी सदर थानाध्यक्ष पुनि अजय कुमार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि नवमी पूजा के दिन रात लगभग 8 बजे, ज्वेलरी दुकानदार धीरज कुमार ठाकुर अपनी दुकान बंद कर घर जा रहे थे, तभी बाइक सवार अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया।लूट के बाद वहां लगे सीसीटीवी फुटेज में अपराधियों के चेहरे स्पष्ट दिखे। थानाध्यक्ष ने कहा कि सीसीटीवी में कैद तस्वीरों को वायरल किया गया। इसके बाद अपराधी खुश्कीबाग बगुला चौक पर एक अन्य ज्वेलरी दुकानदार की रेकी कर रहे थे।पुलिस को सूचना मिली कि एक उजले रंग की बाइक पर दो युवक खड़े हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, तो अपराधी भागने लगे, लेकिन उन्हें खदेड़कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उन्होंने लूट कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। गिरफ्तार अपराधियों की निशानदेही पर सदर और सिटी चौक टीओपी की पुलिस ने अररिया में छापेमारी की, जहां बड़ी मात्रा में चांदी और सोने के जेवरात बरामद हुए।गिरफ्तार अपराधियों ने बताया कि वे 26 सितंबर को गोपालगंज बरौली से 250 किलो चांदी और 50 ग्राम सोना लूटकर फरार हुए थे। छापेमारी टीम में सदर थानाध्यक्ष पुनि अजय कुमार, अपर थानाध्यक्ष शशि कुमार भगत, सिटी चौक टीओपी प्रभारी अजय कुमार, एसआई रौशन कुमार आदि शामिल थे।

## नेता प्रतिपक्ष संग आज बरेली जाएगा सपा का प्रतिनिधिमंडल इकरा हसन और जियाउर्रहमान बर्क भी होंगे शामिल




**लखनऊ, 04 अक्टूबर [एजेंसी]।**

जुमे की नमाज में हुए उपद्रव और उसके बाद चल रही कार्रवाई के बीच शनिवार को सपा का प्रतिनिधि मंडल बरेली जाएगा। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के नेतृत्व वाले इस प्रतिनिधि मंडल में 13 अन्य सदस्य भी शामिल होंगे। सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का आरोप है कि 26 सितंबर को जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोग शांतिपूर्ण ढंग से ज्ञापन देने जा रहे थे। निर्दोष लोगों पर पुलिस और पीएसी द्वारा लाठीचार्ज किया गया। बहुत से लोग घायल हुए। 81 लोगों को जेल भेज दिया गया है। चार बारात घर सीज किए और कई मकानों और दुकानों को बुलडोजर द्वारा ढहा दिया गया है। पुलिस द्वारा तीन लोगों का हाफ एनकाउंटर भी किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवारों से मिलकर पार्टी को रिपोर्ट देगा। पीड़ितों की समस्याओं के निदान के लिए बरेली डीआईदजी और कमिश्नर से मिलकर बात करेगा।प्रतिनिधिमंडल में सांसद हरेंद्र मलिक, इकरा हसन, जियाउर्रहमान बर्क, मोहिबुल्लाह व नीरज मौर्य, विधायक अताउर्रहमान व शहजिल इस्लाम अंसारी, पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार, पूर्व सांसद वीरपाल सिंह यादव व प्रवीण सिंह ऐरन आदि शामिल होंगे।

अव लव मुहम्मद को लेकर बढ़े बवाल के बाद शुक्रवार को पूरे प्रदेश में विशेष सतर्कता बरती गई। जुमे की नमाज के बाद शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस के साथ पीएसी जवान भी मुस्तैद रहे।बरेली, संभल, लखनऊ, अलीगढ़, मुरादाबाद, वाराणसी, रामपुर समेत अन्य संवेदनशील जिलों में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी लगातार स्थिति का जायजा लेते रहे।

डीजीपी मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम के माध्यम से भी हर जिले की गतिविधियों पर नजर रखी गई। सोशल मीडिया सेल भी पूरी तरह से सक्रिय रही।बरेली में हुए उपद्रव के बाद प्रदेश में अलर्ट जारी किया गया था। विजय दशमी के बाद पुलिस के सामने जुमे की नमाज के बाद शांति-व्यवस्था बनाए रखने की चुनौती थी। मिली-जुली आबादी वाले संवेदनशील जिलों में जोन व रेंज स्तर से अतिरिक्त पुलिस बल व पीएसी की तैनाती भी की गई थी।

### अंतिम मतदाता सूची पर कांग्रेस ने उठाए सवाल, SIR में 3.66 लाख हटाए गए नामों में एक भी विदेशी घुसपैठिया नहीं

**पटना।** विधानसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण के उपरांत अंतिम मतदाता सूची निर्वाचन आयोग ने घोषित कर दी।30 सितंबर को सूची जारी होने के उपरांत एसआईआर के उपरांत अंतिम मतदाता सूची को लेकर विपक्ष ने प्रश्न खड़े किए हैं। विपक्षी राजनीतिक दलों का कहना है वह अभी मतदाता सूची का बूथ एवं पंचायत स्तर पर अध्ययन करा रहे हैं। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य अखिलेश सिंह ने अंतिम मतदाता सूची को लेकर चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सत्ता पक्ष के विरुद्ध प्रश्न खड़े किए हैं। सांसद का आरोप है कि चुनाव आयोग एवं बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अंतिम सूची के प्रकाशन में यह नहीं बताया कि मतदाता सूची से कितने विदेशी नागरिकों (घुसपैठियों) को हटाया गया, जबकि देश के प्रधानमंत्री और चुनाव आयोग ने बार-बार घुसपैठियों के लिए सूची के पुनरीक्षण की बात कही।बकौल अखिलेश सिंह, 65 लाख नामों की प्रारूप कटौती में 22 लाख लोगों को मृत चिह्नित किया गया, 36 लाख को स्थायी रूप से पलायन या अनुपस्थित दिखाया गया। सात लाख अन्यत्र पंजीकृत पाए गए। अंतिम सूची में हटाए गए 3.66 लाख नामों में दो लाख पलायन के कारण, लगभग 60 हजार मृत्यु के कारण एवं 80 हजार डुप्लीकेशन (दो स्थानों पर नाम होने) के कारण हटाए गए। इस प्रकार, विदेशी नागरिक एक भी नहीं है।राजद के प्रदेश प्रवक्ता चित्तरंजन गगन का कहना है कि किसी तरह की गड़बड़ी सामने आती तो शीघ्र ही उचित फोरम पर मतदाताओं की हकमारी का विरोध करेंगे।

## राजस्थान में भाजपा विधायक ने रामलीला आयोजक को मारी लात, कांग्रेस नेता के आने पर भड़के



**उदयपुर, 04 अक्टूबर [एजेंसी]।**

राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के जहाजपुर में महानवमी के अवसर पर आयोजित रामलीला कार्यक्रम के दौरान भाजपा विधायक गोपीचंद (गोपी) मीणा ने आयोजक प्रकाश गुजराती को लात मार दी। घटना को दर्शाता एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है जिसमें विधायक आयोजक से नाराज दिखाई दे रहे हैं और उन्हें हटाने का इशारा करते हुए पहले गाली-गलौज कर रहे हैं, फिर लात भी मारते हैं। इस संबंध में विधायक का पक्ष लेने की कोशिश की गई, पर उनका मोबाइल बंद मिला।आयोजक प्रकाश गुजराती ने कहा कि विधायक की हरकत से कार्यक्रम की व्यवस्था प्रभावित हुई। मंडल ने विधायक गोपीचंद मीणा और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव धीरज गुर्जर को एक साथ कार्यक्रम में आमंत्रित किया था। वीडियो और लोगों के बयानों के अनुसार, धीरज गुर्जर के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर विधायक गोपीचंद नाराज हो गए, यही विवाद की वजह बना। घटना एक अक्टूबर की बताई जा रही है, वीडियो शुक्रवार को सार्वजनिक हुआ। इससे पहले 27 अगस्त को भी विधायक गोपीचंद का एक और वीडियो प्रसारित हुआ था जिसमें उन्होंने गणेश उत्सव के दौरान ढोल वाले को लात मारी थी। बाद में विधायक ने कहा था कि उन्होंने सुरक्षा के मद्देनजर ऐसा किया था और ढोल वाला उनका कार्यकर्ता है।

## बोकारो स्टील प्लांट की बड़ी उपलब्धि, देश में तैयार होगा सोलर पैनल के निर्माण में उपयोग होने वाला स्टील



**बोकारो।** आत्मनिर्भर भारत अभियान को सशक्त बनाने की दिशा में बोकारो स्टील प्लांट ने एक बड़ी उपलब्धि दर्ज कर रहा है।सोलर पैनल निर्माण में उपयोग होने वाला विशेष किस्म का स्टील, जो अब तक विदेशों से आयात करना पड़ता था, बोकारो तैयार कर देश की जरूरतों को पूरा कर रहा है।बोकारो स्टील के इस प्रयास से न केवल विदेशी निर्भरता घटेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर उद्योग और तकनीक की क्षमता भी मजबूत होगी।बोकारो, जिसे देश का स्टील सिटी कहा जाता है, अब ऊर्जा क्रांति में भी अपनी अहम भूमिका दर्ज करा रहा है। विशेषज्ञ इसे आत्मनिर्भर भारत अभियान की एक बड़ी छलांग मान रहे हैं। राष्ट्रीय सौर मिशन (एनएसएम) भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है। उसके तहत काम करने वाली कंपनियों का आर्डर फिलहाल बोकारो इस्पात के पास है। एचडीजी स्टील का उपयोग बोकारो स्टील प्लांट अपने हॉट-डिप गैल्वनाइज्ड स्टील, विशेषकर गैल्वनाइज्ड कॉइल्स और शीट्स , का उपयोग सोलर पैनल संरचनाओं में करेगा। गैल्वेनाइजेशन प्रक्रिया में स्टील पर जिंक की कोटिंग की जाती है, जिससे यह जंगरोधी और लंबे समय तक टिकाऊ बनता है। खुले वातावरण और बदलते मौसम में भी इसकी मजबूती बरकरार रहती है। यह स्टील सोलर पैनलों को सहारा देने वाली ढांचागत संरचनाओं को आवश्यक शक्ति और स्थिरता प्रदान करता है, जिससे पैनल तेज हवा, धूप और बारिश जैसी परिस्थितियों का सामना कर पाते हैं।

बीएसएल का यह प्रयास न केवल उच्च गुणवत्ता वाला इस्पात उपलब्ध कराता है, बल्कि अक्षय ऊर्जा ढांचे को मजबूत करेगा। सामान्य स्टील से यह तीन से चार हजार रुपये महंगा है। इससे अधिक राजस्व की प्राप्ति होगी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पीएम सूर्य घर योजना का लक्ष्य देश के हर घर तक सौर ऊर्जा पहुंचाना है। इस योजना में सोलर पैनल के लिए जो स्टील सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है, अब वही बोकारो स्टील तैयार कर रहा है। पहले इस्पात को चीन, जापान और अन्य देशों से मंगाना पड़ता था, जिससे लागत और समय दोनों बढ़ जाते थे। अब स्थानीय उत्पादन से इन चुनौतियों का समाधान होगा। इससे सोलर पैनल की कीमतें घटेंगी और आम उपभोक्ताओं को सस्ती दर पर बिजली मिल सकेगी।बोकारो स्टील प्लांट के इंजीनियर और कर्मी इस उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहे हैं, क्योंकि यह न सिर्फ उद्योग की सफलता है बल्कि बोकारो की धरती को देश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता से सीधे जोड़ती है।

# हापुड़ से गिरफ्तार रोहिंग्या मुस्लिम के मामले में खुला राज, बेंगलुरू जाकर रोहिंग्या मुस्लिम से किया था निकाह

**हापुड़, 04 अक्टूबर [एजेंसी]।**



एटीएस नोएडा (एंटी टेररिस्ट स्क्वाड) की टीम द्वारा बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किए गए रोहिंग्या मुस्लिम के मामले में बड़ा राजफाश हुआ है। जिले में ठिकाना जमाने के बाद वह बेंगलुरु गया था। जहां उसने रोहिंग्या मुस्लिम महिला से निकाह किया। उसकी पत्नी दो दो बच्चों के साथ अभी भी वहीं रह रही है।उधर, आरोपित के पास से बरामद शरणार्थी प्रमाण पत्र की जांच के लिए यूएनएचसीआर( संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी) दिल्ली के उच्चायुक्त को पत्र भेजा पत्र भेजा गया है। जिसके बाद घुसपैठ कराने वाला गिरोह बेनकाब होगा।बता दें कि एटीएस नोएडा यूनिट के उपनिरीक्षक आशीष भारद्वाज व उनकी टीम ने धौलाना के यूपीएसआईडीसी फेज-3 में स्थित गैलेक्सी पालिपैक कंपनी के पास म्यांमार के माउंगडाव जिले के रगमुगुना गांव के सैय्यद हुसैन को गिरफ्तार किया था। वर्ष 2013 में उसके गांव का हबीबुल्लाह ने उसे बांग्लादेश के रास्ते पश्चिम बंगाल के हावड़ा में लाया था। भारत में घुसने के बाद वह हबीबुल्लाह के साथ थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के गांव गोंदी में दो दिन तक एक किराए के मकान में रहा। इसके बाद वह गांव अल्लीपुर में मीट फैक्ट्री में काम करने लगा। यहां कुछ दिन काम करने के बाद वह थाना धौलाना के खिचरा में पहुंचा। यहां उसने एक गम बनाने की फैक्ट्री में काम शुरू कर दिया। वर्तमान में वह बिलाल मस्जिद के पास किराए के मकान में रह रहा था। आरोपित ने हापुड़ के अलावा मेरठ की मीट फैक्ट्री में भी नौकरी की थी। जहां उसने एक व्यक्ति की मदद से वर्ष 2015-16 में फर्जी आधार कार्ड, पेन कार्ड वोटर आईडी कार्ड, शरणार्थी प्रमाण पत्र व पासपोर्ट बनवाए थे। जिसके बदले आरोपित ने उसे रुपये दिए थे। आरोपित से मिली जानकारी के बाद एटीएस को फर्जी दस्तावेज बनाने वाले की तलाश शुरू कर दी है। आरोपित भूमिगत न हो जाए इसके लिए एटीएस अभी उसकी पहचान सार्वजनिक नहीं कर रही है।आरोपित ने भारतीय सिस्टम के अंदर अपनी पैठ बना ली थी। सैयद हुसैन का पासपोर्ट वर्ष 2016 में मेरठ के पते पर जारी किया गया है । घुसपैठ के बाद कुछ समय के लिए वह बेंगलुरु में गया था।

जहां उसकी मुलाकात पहचान बदलकर रह रही रोहिंग्या मुस्लिम महिला से हुई थी। आरोपित ने महिला से निकाह कर लिया। आरोपित दो बच्चे हैं। एटीएस अभी महिला व उसके बच्चों की पहचान उजागर नहीं कर रही है। थाना धौलाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि यूएनएचसीआर( संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी) दिल्ली के उच्चायुक्त को पत्र भेजकर रोहिंग्या के शरणार्थी प्रमाण- पत्र की जानकारी मांगी है। जिसके बाद पता चलेगा कि रोहिंग्या का शरणार्थी प्रमाण पत्र कब जारी हुआ है, कितने समय के लिए यह वैध है। रोहिंग्या को किसी निश्चित स्थान पर रहने की अनुमति दी गई थी या फिर वह देश में कहीं भी रह सकते हैं। रोहिंग्या को धौलाना क्षेत्र में बसाने में किन-किन लोगों का हाथ है। जिसके बाद उन लोगों की गिरफ्तारी भी की जाएगी।

# सोनहत के जंगलों में दुर्लभ क्रेस्टेड-सर्पेंट ईगल की झलक, कलेक्टर ने कैमरे में कैद किया अनोखा क्षण

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के सोनहत क्षेत्र के घने जंगलों में वन्यजीव प्रेमियों के लिए एक रोमांचक और दुर्लभ क्षण सामने आया, जब क्रेस्टेड-सर्पेंट ईगल अपने पूरे शान और आकर्षण के साथ पेड़ की एक ऊँची टहनी पर दिखाई दिया। इस अनमोल पल को जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने अपने कैमरे में कैद किया। तस्वीर सामने आने के बाद से न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में भी इस घटना की चर्चा हो रही है।



क्रेस्टेड-सर्पेंट ईगल एक मध्यम आकार का शिकारी पक्षी है, जिसकी पहचान उसके सिर पर बनी कलगी और तेज पीली आँखों से होती है। इस पक्षी का वैज्ञानिक नाम Spilornis cheela है। इसकी खूबसूरती और अनोखी काया इसे पक्षी-प्रेमियों और फोटोग्राफरों के बीच विशेष बनाती है। आमतौर पर यह पक्षी घने जंगलों और पहाड़ी इलाकों में पाया जाता है और इसका प्रमुख आहार साँप, छिपकलियाँ, छोटे स्तनधारी एवं कुछ पक्षी होते हैं। इसकी शिकार करने की क्षमता अद्भुत होती है, जिससे यह जंगल के पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। विशेषज्ञ बताते हैं कि इस प्रजाति की संख्या समय के साथ घटती जा रही है। वनों की अंधाधुंध कटाई, मानव गतिविधियों का दबाव और प्राकृतिक आवास के लगातार सिमटते जाने के कारण इनका जीवन संकट में है। यही वजह है कि भारत सरकार ने इसे वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत संरक्षित पक्षियों की सूची में शामिल किया है। छत्तीसगढ़ जैसे राज्य, जहाँ जैव विविधता अत्यंत समृद्ध है, इन प्रजातियों के संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। कोरिया जिले के आसपास के इलाकों में कई संरक्षित क्षेत्र मौजूद हैं, जिनमें बनगंगा, तमोरपिंगला और गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान प्रमुख हैं। इन क्षेत्रों में क्रेस्टेड-सर्पेंट ईगल सहित कई अन्य दुर्लभ और विलुप्तप्राय प्रजातियों के संरक्षण के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि सोनहत जैसे क्षेत्र प्राकृतिक संपदा और जैव विविधता के कारण इन पक्षियों के लिए आदर्श आवास साबित होते हैं। कलेक्टर चंदन त्रिपाठी द्वारा कैद किया गया यह दृश्य केवल एक फोटोग्राफ से कहीं अधिक मायने रखता है। यह इस बात का प्रमाण है कि यदि जंगलों को संरक्षित किया जाए और मानव गतिविधियों को संतुलित ढंग से नियंत्रित किया जाए, तो ऐसी दुर्लभ प्रजातियाँ हमारे बीच सुरक्षित रह सकती हैं। यह क्षण न केवल वन्यजीव प्रेमियों के लिए उत्साहजनक है बल्कि आम लोगों को भी यह संदेश देता है कि प्रकृति की रक्षा करना हमारी साझा जिम्मेदारी है। सोनहत के जंगलों में क्रेस्टेड-सर्पेंट ईगल की मौजूदगी यहाँ की समृद्ध जैव विविधता और प्राकृतिक संतुलन की ओर इशारा करती है। यह दृश्य एक प्रेरणा है कि संरक्षण के प्रयासों को और अधिक गति दी जाए ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी ऐसे दुर्लभ और आकर्षक पक्षियों को अपनी आँखों से देख सकें। इस घटना ने एक बार फिर साबित किया है कि कोरिया जिला न केवल सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध है, बल्कि यहाँ का प्राकृतिक परिवेश भी दुर्लभ और अद्भुत वन्यजीवों के लिए सुरक्षित ठिकाना है।

# दशहरा का पर्व असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक : तिवारी



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय स्थित रामानुज मिनी स्टेडियम बैकुंठपुर मे बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयादशमी पर्व पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सर्व प्रथम भव्य आतिशबाजी के साथ अतिथियों एवं उपस्थित जन समुदाय ने प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण के आरती किया। इसके बाद रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया। रावण का विशालकाय पुतला जैसे ही अग्नि की लपटों में घिरा, मैदान मे जय श्रीराम के नारों और तालियों की गूंज से भर उठा। उपस्थित जनसमूह में उत्साह और भक्ति का अद्भुत समन्वय देखने को मिला।

इस अवसर पर इस अवसर पर मुख्य रूप से भैयालाल राजवाड़े विधायक रेणुका सिंह,भाजपा जिला अध्यक्ष एवं कोरिया सर्व विकास समिति संरक्षक देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नविता शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े,जिला पंचायत सदस्य शिवकुमारी सोनपाकर, जनपद अध्यक्ष आशा देवी सोनपाकर, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, सनातन गौरव मंच संयोजक मनोज साहू के गरिमामयी उपस्थित कार्यक्रम संपन्न हुआ। विधायक भईयालाल राजवाड़े ने संबोधित करते हुए कहा कि, आज के ही दिन प्रभु श्रीराम ने श्रीलंका पति रावण का वध करके उसके अत्याचार से संसार को भय मुक्त बनाया था, उन्होंने कहा बुराई पर अच्छाई का हमेशा जीत होती है आप सभी अच्छे मार्ग पर चले। भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने कहा, रावण एक शक्तिशाली व ज्ञानी थे, परन्तु उसके अंदर अंहकार, घमंड इतना था कि कभी किसी का सुनता नही था। उन्होंने ने कहा कि, बुराई रूपी रावण का अंत श्रीराम भगवान ने किया। हमेशा असत्य पर सत्य की जीत सुनिश्चित है। भाजपा जिला अध्यक्ष एवं कोरिया सर्व विकास समिति संरक्षक देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि, विजयादशमी का महापर्व आज पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है, दशहरा का पर्व असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है, जब मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने परम ज्ञानी रावण का वध किया था, उन्होंने इस त्योहार को बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक बताया और समाज में सत्य, धर्म, न्याय और सद्भाव को बढ़ावा देने का आह्वान किया, उन्होंने कहा हम सभी को सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ने कहा कि, विजयादशमी त्यौहार हम सबके लिए प्रेरणा है, सभी को बुराई को त्यागकर अच्छाई के मार्ग पर चलना चाहिए। इस कार्यक्रम मे हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम को कोरिया सर्व विकास समिति के संयोजक विवेक गुप्ता,तीरथ राजवाड़े, सतेन्द्र राजवाड़े, रोशन राजवाड़े, रितेश राजवाड़े, शिवम जायसवाल, प्रगेश गुप्ता, राहुल खस, रिचेश सिंह, कान्हा, त्रिशेष दास, सार्वजनिक विजयादशमी उत्सव समिति के राहुल मिश्रा, चंचल राजवाड़े, श्री राधे वेलफेयर सोसाईटी के अभय बड़ेरिया, रूचि बड़ेरिया, मंजू जिवनानी ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

फिजियोथेरेपी और पंचकर्म कराने पहुंच रहें है मरीज

# स्वास्थ्य देखभाल केन्द्र में बुजुर्गों को मिलने लगी राहत



**कोरिया बैकुंठपुर।** अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के दिन जिला अस्पताल परिसर में प्रदेश का पहला बुजुर्ग स्वास्थ्य एवं देखभाल केंद्र का शुभारंभ हुआ था। इस स्वास्थ्य देखभाल केन्द्र में अभी तक 11 बुजुर्ग अलग- अलग परेशानियों से छुटकारा पाने के लिए पहुंचे है। जानकारी के मुताबिक 2 बुजुर्गों ने पंचकर्म और 9 बुजुर्गों ने फिजियोथेरेपी कराएं है। स्वास्थ्य देखभाल केन्द्र के शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा था कि उम्र बढ़ने पर घुटनों, एड़ियों और अन्य रोगों से पीड़ित होना सामान्य बात है। उन्होंने कहा, हम सबको इस अवस्था से गुजरना है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री की मंशा अनुरूप यह बुजुर्ग देखभाल केंद्र शुरू किया गया है। यह प्रदेष का पहला केन्द्र है, जहां बुजुर्गों को अस्पताल में लाइन लगने की जरूरत नहीं है, उन्हें एक ही छत के नीचे जांच, उपचार, दवाई और फिजियोथेरेपी और पंचकर्म जैसी सुविधाएं मिलने लगा है। बुजुर्ग स्वास्थ्य केंद्र में अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें ट्राइसाइकिल, बैलेंस बोर्ड, फुट मसाजर, पैरेलल बार, स्टेयर क्लाइंबिंग, ट्रेडमिल, मसाज चेयर, ट्रैक्शन और वैक्स बाथ जैसी सुविधाएं शामिल हैं। यहां फिजियोथेरेपी और पंचकर्म जैसी सेवाएं भी बुजुर्गों को मिलने लगी है।

## 12 को वार्ड ब्वॉय एवं वार्ड आया परीक्षा का आयोजन

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित वार्ड ब्वॉय एवं वार्ड आया परीक्षा का आयोजन आगामी 12 अक्टूबर 2025 को आयोजन किया जाएगा। परीक्षा के सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित संचालन हेतु प्रशासन ने जरूरी व्यवस्थाओं के लिए संयुक्त कलेक्टर अमित कुमार गुप्ता को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है। सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारियों में परीक्षा की गोपनीय सामग्री लाने, स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखने, वितरण करने, मूल्यांकन प्रक्रिया को संचालित करने एवं अन्य सुसंगत कार्य व्यवस्था शामिल होंगे।

# महामाया मंदिर परिसर में युवक पर जानलेवा चाकू से हमला

**अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के अंबिकापुर शहर में बदमाशों का आतंक एक बार फिर देखने को मिला है। शहर में चाकूबाजी की एक और गंभीर घटना सामने आई है, जिसमें एक युवक पर धारदार हथियार से हमला किया गया।

यह वारदात कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित प्रसिद्ध महामाया मंदिर परिसर में हुई। घायल युवक की पहचान प्रिन्स के रूप में हुई है, जो मंदिर परिसर में नारियल फोड़ने का काम करता है। गुरुवार देर शाम, कुछ बदमाशों ने अचानक प्रिन्स पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में प्रिन्स गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद उसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और घायल को अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था की। फिलहाल, पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश एवं मामले की जांच शुरू कर दी है। शहर में लगातार हो रही इस तरह की वारदातों ने कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# गांवों की धड़कन सुनने कलेक्टर चंदन ने लगाई चौपाल, गांधी-शास्त्री के कार्य पर चर्चा

**कोरिया बैकुंठपुर।** भारत सरकार के महत्वाकांक्षी आदि कर्मयोगी अभियान ने कोरिया जिले के ग्रामीण अंचलों में विकास की नई गाथा लिखनी शुरू कर दी है। गांधी और शास्त्री जयंती के अवसर पर आयोजित विशेष ग्राम सभाओं में जिले के 154 गांवों का विजन-2030 पारित किया गया।



इन सभाओं की खासियत रही कि सोनहत विकासखण्ड दूरस्थ वनांचल ग्राम पंचायत अकलासरई और पोड़ी में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ग्राम सभा में उपस्थित हुईं बल्कि ग्रामीणों से सीधे जुड़ीं। ग्रामीणों ने खुलकर अपनी समस्याएं और आकांक्षाएँ सामने रखीं ग्राम सभाओं में उठे मुद्दों ने साफ कर दिया कि गांव अब खुद अपनी राह तय करना चाहते हैं। स्वच्छ पेयजल, पक्की सड़कें, प्राथमिक विद्यालयों की बेहतर व्यवस्था, 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं, सामुदायिक भवन, सामुदायिक वन संसाधन पत्र, पुल-पुलिया, सीसी रोड निर्माण, निर्बाध बिजली व नए ट्रांसफार्मर जैसी मांगें प्रमुखता से सामने आईं। कलेक्टर ने भरोसा दिलाया कि आदि कर्मयोगी अभियान का असली उद्देश्य यही है कि गांव की प्राथमिकताएं अब गांव वाले ही तय करें। आने वाले वर्षों में इन्हीं आकांक्षाओं पर आधारित ग्राम विजन योजना 2030 बनाई जाएगी, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, आधारभूत ढांचा और परंपराओं का संरक्षण शामिल होगा। कलेक्टर ने ग्रामीणों से कहा कि यहाँ के युवाओं को कौशल विकास योजना से जुड़ना होगा ताकि स्वरोजगार शुरू कर सकें और अन्य लोगों को रोजगार उपलब्ध भी करा सके। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि बाल विवाह, कुपोषण व नशा के खिलाफ सबको आगे आना होगा। उन्होंने महिलाओं से कहा समय पर स्वास्थ्य की जांच कराएं, 45-50 उम्र के बाद स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं से अपील की कि पौष्टिक भोजन का सेवन करें, हरी सब्जियां खूब खाएं, भरपूर नींद लें, स्वास्थ्य जांच कराएं, आंगनवाड़ी केंद्र जाकर वजन भी कराएं। उन्होंने किसानों से कहा एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन जरूर कराएं ताकि धान बेचने के समय कोई दिक्कत न हो। कलेक्टर ने बताया कि यह अभियान तीन स्तंभों पर खड़ा है। आदि कर्मयोगी-अधिकारी, जो योजनाओं का अभिसरण और उत्तरदायी वितरण सुनिश्चित करेंगे। आदि सहयोगी-शिक्षक, डॉक्टर, युवा और शिक्षित आदिवासी, जो शिक्षा-स्वास्थ्य व नवाचार तक पहुंच बढ़ाएंगे और आदि साथी-स्वयं सहायता समूह, ग्रामीण, जनजातीय बुजुर्ग और सामुदायिक सूत्रधार, जो परंपरा और स्थानीय ज्ञान को संरक्षित कर समाज को सशक्त बनाएंगे। अभियान में जिले के 154 गांव शामिल हैं, जिनमें बैकुंठपुर के 138 और सोनहत के 16 ग्राम हैं। इन ग्राम सभाओं ने ग्रामीणों को यह एहसास कराया कि अब उनकी आवाज केवल सुनने भर के लिए नहीं है, बल्कि भविष्य की योजनाओं की धड़कन बनेगी।

# राशन कार्ड धारकों ई-केवाईसी कराना हुआ अनिवार्य, अंतिम तिथि 15 तक

**एमसीबी।** जिले के समस्त राशन कार्ड धारियों को सूचित किया जाता है कि सभी राशन कार्ड धारियों के सभी सदस्यों को ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। जिले में कुल 1,15,481 राशन कार्ड प्रचलित हैं जिनमें 3,63,327 सदस्य पंजीकृत हैं। इनमें से 3,03,439 सदस्यों का ई-केवाईसी पूर्ण हो चुका है जबकि शेष 59,888 सदस्यों का ई-केवाईसी किया जाना अभी बाकी है। प्राप्त पत्ता एवं वीडियो कांफ्रेंसिंग के निर्देशों के अनुसार सभी शेष सदस्यों का ई-केवाईसी 15 अक्टूबर 2025 तक अनिवार्य रूप से किया जाना है। जिन सदस्यों का ई-केवाईसी पूर्ण नहीं होगा, वे राशन कार्ड से प्राप्त होने वाले लाभ से वंचित हो सकते हैं। उच्च कार्यालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का ई-केवाईसी करवाने की आवश्यकता नहीं है। शासन ने ई-केवाईसी प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए मेरा ईकेवाईसी मोबाइल एप लॉन्च किया है जिसके माध्यम से हितग्राही केवल अपना चेहरा स्कैन करके ई-केवाईसी पूर्ण कर सकते हैं और इसके लिए किसी पीडीएस दुकान में जाने की आवश्यकता नहीं है। यह एप गूगल प्ले स्टोर से आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है। राशन कार्ड की ई-केवाईसी करना सभी राशन कार्ड हितग्राहियों के लिए अनिवार्य कर दिया गया है और यह प्रक्रिया मोबाइल फोन से घर बैठे पूरी की जा सकती है। मेरा ईकेवाईसी ऐप शासन द्वारा विशेष रूप से राशन कार्ड धारकों के लिए आधार आधारित चेहरा प्रमाणीकरण की सुविधा के लिए बनाया गया है। इसके साथ आधार फेस आरडी ऐप भी इंस्टॉल करना आवश्यक है। ई-केवाईसी की प्रक्रिया के लिए सबसे पहले Play Store से मेरा ईकेवाईसी और आधार फेस आरडी दोनों ऐप इंस्टॉल करें। ध्यान रहे कि आधार फेस आरडी ऐप इंस्टॉल होने के बाद मोबाइल की ऐप लिस्ट में नहीं दिखेगा लेकिन मेरा ईकेवाईसी ऐप के माध्यम से ई-केवाईसी करते समय स्वत: सक्रिय हो जाएगा। ई-केवाईसी करने के लिए मेरा ईकेवाईसी ऐप खोलें, राज्य का चयन करें और लोकेशन वेरीफाई करें। इसके बाद 12 अंकों का आधार नंबर दर्ज करें और ओटीपी जनरेट करें।

## अब घर में चमक रही सौर रोशनी, बिजली उपभोक्ता से ऊर्जादाता बने सेवकराम



**कोरिया।** सूर्य की किरणें अब सिर्फ रोशनी ही नहीं, बल्कि आमजन की जिंदगी में नई ऊर्जा और आय का साधन भी बन रही हैं प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना ने बैकुण्ठपुर के निवासी श्री सेवक राम राजवाड़े की जिंदगी में बड़ा बदलाव ला दिया है। जहां कभी बढ़ते बिजली बिल उनकी चिंता बढ़ाते थे, वहीं अब वे बिजली उपभोक्ता से ऊर्जादाता बन गए हैं। श्री राजवाड़े ने अपने घर की छत पर 3 केवी का सोलर प्लांट स्थापित कराया है। इस पर 78 हजार की सब्सिडी मिली है। परिणामस्वरूप, पहले जहां हर महीने हजारों रुपये का बिजली बिल चुकाना पड़ता था, वहीं अब उनका बिजली बिल लगभग शून्य हो गया है। श्री राजवाड़े बताते हैं कि योजना की आवेदन प्रक्रिया बेहद सरल रही। एक बार आवेदन करने के बाद पूरी प्रक्रिया स्वत: पूरी हो गई और सोलर पैनल समय पर उनके घर पर स्थापित कर दिया गया। उन्हें किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। उनका कहना है कि इस योजना ने उन्हें न केवल बिजली बिल से मुक्ति दिलाई, बल्कि ऊर्जा उत्पादक बनने का अवसर भी दिया है। श्री राजवाड़े ने केंद्र और राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डबल सब्सिडी ने इस योजना को आमजन तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई है। इससे लोग जागरूक होकर सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना से न केवल घरेलू खपत व बिजली बिल की समस्या का समाधान हो रहा है, बल्कि उपभोक्ता ऊर्जादाता बनकर अतिरिक्त बिजली उत्पादन कर राज्य की ऊर्जा सुरक्षा को भी मजबूत कर रहे हैं।

## जिला स्तरीय सतर्कता सलाहकार एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 6 को

**कोरिया।** सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने जानकारी दी है कि अनुसूचित जाति/जनजाति (आकस्मिकता योजना) नियम-1995 के नियम-17 में विहित प्रावधानानुसार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारणार्थ) योजना के क्रियान्वयन के संबंध में विभिन्न कार्यकारी एजेंसियों/विभागों द्वारा अब तक की गई कार्यवाही की समीक्षा हेतु कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सर्तकता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक 06 अक्टूबर 2025 को समय सांय 04:30 बजे कार्यालय कलेक्टर, कोरिया के सभा कक्ष में आहूत की गई है। उक्त बैठक में अधिकारियों को उपस्थिति होने का आग्रह किया हैं।

# मवेशी चोरी कर क्रूरतापूर्वक परिवहन करने के मामले में पुलिस ने 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार



**सूरजपुर।** ग्राम रघुनाथपुर थाना प्रेमनगर निवासी ननकू राम बरगाह ने थाना प्रेमनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11.04.2025 को इसके 2 रास भैंसा एवं 1 रास भैस पडिया एवं लखन श्याम का 1 रास भैस को चरने के लिए छोड़ा था जो वापस नहीं आया है। रिपोर्ट पर गुम मवेशी कायम कर पतासाजी की गई एवं नहीं मिलने पर नियमानुसार घटना स्थल व समय एक ही होने से अपराध क्रमांक 67/2025 धारा 303(2) बीएनएस कायम कर विवेचना की गई।

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने आरोपियों की पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो के मार्गदर्शन में थाना प्रेमनगर पुलिस की विवेचना के दौरान थाना चंदौरा से सूचना प्राप्त हुई कि वहां पंजीबद्ध अपराध 48/25 धारा कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11(घ) व बीएनएस की धारा 111, 325, 349 में 17 रास भैंस-भैंसा जप्त कर कान्हा गौशाला जमदेई में सुरक्षार्थ रखा गया है। सूचना मिलने पर प्रार्थी व गवाहों से पहचान कराया गया जो प्रार्थी ननकू राम बरगाह के चोरी हुई अपने 2 रास भैंसा एवं 1 रास भैंस एवं लखन श्याम के 1 रास भैंस को पहचान कर अपना-अपना मवेश होना बताए। विवेचना दौरान पूर्व में मवेशी तस्करी में गिरफ्तार हुए आरोपी सइद मुबारक उर्फ गुड्डू एवं एजाजुल अंसारी दोनों निवासी ग्राम मलगा, थाना भटगांव को पकडा गया। आरोपी गुड्डू उर्फ सइद मुबारक ने पूछताछ पर बताया कि एजाजुल अंसारी एवं 1 अन्य साथी के साथ घुम-घुमकर भैंस-भैंसा को चोरी करते एवं खरीदते थे तथा दिनांक 08.07.2025 को शाम के समय तीन पिकअप में भैंस-भैंसा को प्रत्येक पिकअप वाहन में 6-6 नग कुल 18 नग मवेशी भरकर झारखण्ड ले जाने के दौरान थाना चंदौरा पुलिस द्वारा पकड़ना एवं 1 अन्य व्यक्ति द्वारा कार से उतरकर व पिकअप वाहन चालकों द्वारा गाड़ी छोड़कर भाग जाना बताए जिसमें से 2 रास भैंस व 2 रास भैंसा को प्रेमनगर क्षेत्र से चोरी करना व भैंस-भैंसा को पिकअप में लोड कर झारखण्ड ले जाना बताया जो मामले में थाना प्रेमनगर पुलिस ने कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11(घ) जोड़ते हुए आरोपी सइद मुबारक उर्फ गुड्डू पिता स्व. जाकीर हुसैन उम्र 36 वर्ष, एजाजुल अंसारी पिता हलीम उर्फ हकीम अंसारी उम्र 30 वर्ष दोनों निवासी ग्राम मलगा थाना भटगांव को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रेमनगर विराट बिशी, एएसआई रंजीत सोनवानी, प्रधान आरक्षक विनय किस्पोट्टा, आरक्षक दीपक यादव, सत्यम सिंह व महिला आरक्षक सिंधू कुजूर सक्रिय रहे।

विभिन्न थानों क्षेत्रों में पुलिस ने की थी कार्यवाही

# मादक पदार्थों की रोकथाम के साथ बड़ी मात्रा को किया गया नष्ट जिले में

**एमसीबी।** पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज के कड़े निर्देशों और नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिले की पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। विगत 30 सितम्बर 2025 को मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में विगत चार वर्षों के दौरान जब्त किए गए भारी मात्रा में मादक पदार्थों का पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह की उपस्थिति में विधिवत नष्टीकरण किया गया। इस कार्यवाही में थाना खडगवां, चिरमिरी, झगराखाण्ड, मनेन्द्रगढ़, केल्हारी एवं जनकपुर थानों में वर्ष 2021 से 2025 तक नारकोटिक्स एक्ट के अंतर्गत दर्ज कुल 39 प्रकरणों में जब्त मादक पदार्थ शामिल थे। नष्टीकरण की प्रक्रिया के दौरान पुलिस द्वारा 169 किलो 221 ग्राम गांजा, 41 नग गांजा के पौधे, 123 नग कफ सिरप, 136 नग नशीली टेबलेट व कैप्सूल और 368 नग नशीली इंजेक्शन को नष्ट किया गया। यह कार्रवाई जिले में नशे के कारोबार और अवैध गतिविधियों पर पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति को दर्शाती है। नष्टीकरण की पूरी कार्यवाही पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह के मार्गदर्शन में की गई। इस दौरान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मनेन्द्रगढ़ एलेक्स टोप्पो, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती तरसीला टोप्पो, सुश्री शशीकला पैकरा तथा जिला आबकारी प्रभारी सहित विभिन्न थाना प्रभारियों और पुलिस बल के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। एसपी चन्द्रमोहन सिंह ने इस मौके पर कहा कि जिले में मादक पदार्थों की अवैध तस्करी और खपत पर रोक लगाने के लिए पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। समाज को नशे के जाल से बचाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। आईजी सरगुजा रेंज के निर्देश पर आयोजित इस कार्रवाई को स्थानीय जनता ने भी सराहा और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी ऐसे ठोस कदम उठाकर जिले को नशामुक्त बनाने की दिशा में प्रयास जारी रहेंगे।





## स्वच्छता की मिसाल बने ग्रामीण

**एमसीबी।** जिले में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए गए स्वच्छता ही सेवा स्वच्छ स्वच्छ उत्सव अभियान का समापन 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस पर हुआ। इस दौरान डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण और पृथक्करण कार्य में सक्रिय रूप से संलग्न स्वच्छाग्रही समूहों और स्वच्छता सेवकों को सम्मानित किया गया।

कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के दिशानिर्देशन और जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में जनप्रतिनिधियों, युवाओं,कर्मचारियों, अधिकारियों और ग्रामीणों की सहभागिता से गांव-गांव स्वच्छता की अलख जगाई। स्वच्छ भारत दिवस पर आयोजित सम्मान समारोह में ग्राम पंचायत साल्ही, चौघड़ा, नागपुर, सीरियाखोह, शंकरगढ़, बरबसपुर और लालपुर की महिलाओं को मुख्य अतिथि द्वारा साल-श्रीफल से सम्मानित किया गया। वहीं भूपेन्द्र सिंह, संतलाल साहू, भुनेश्वर पैकरा, जयदीप त्रिपाठी, मोहित हटकें, अनिल सिंह, बबन सिंह सहित कई सचिवों को भी विशेष सम्मान से नवाजा गया।

## राजेंद्र प्रसाद नगर में सांस्कृतिक प्रस्तुति आज

**कोरबा।** डॉ राजेंद्र प्रसाद नगर फेस 1 में आज शाम 8ः00 बजे से नवरात्र पर्व के उपलक्ष में देवी गीतों की प्रस्तुति आयोजित है। छत्तीसगढ़ी गीतों को आवाज देने वाली सिंगर गरिमा और स्वर्णा दिवाकर इस कार्यक्रम को प्रस्तुत करेंगी। आयोजन समिति ने नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराकर कलाकारों का मनोबल बढ़ाने का आग्रह किया है।

## पूर्णिमा को हसदेव घाट में महाआरती

**कोरबा।** शरद पूर्णिमा के अवसर पर 07 अक्टूबर को शाम 5 बजे स्थानीय हसदेव घाट में संकल्प सभा और हसदेव महाआरती होगी। नमामी हसदेव संगठन इसका आयोजक है। स्वामी भजनानंद वनवासी सेवा आश्रम केंदई की साध्वी गिरिजेश नंदनी, हरिहर क्षेत्र केदार के संत रामरूप दास का सानिध्य प्राप्त होगा। महापौर संजू देवी राजपूत मुख्य अतिथि होगी। डॉ. पवन सिंह अध्यक्षता करेंगे। विशिष्ट अतिथि पदमिनी देवांगन, राजेन्द्र राजपूत, अजय जायसवाल होंगे। समिति ने नागरिकों से उपस्थिति दर्ज कराने को कहा है।

## निभाई सिंदूर खेला की परंपरा

**कोरबा।** नवरात्र महापर्व का समापन हो गया। विजयादशमी के अगले दिन दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन से पहले विशेष परंपरा निभाई गई। शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में महिलाओं ने उत्साह और उल्लास के साथ सिंदूर खेला की रस्म पूरी की। सुहागिन महिलाओं ने माँ दुर्गा को सिंदूर अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना की।

## कांग्रेस व भाजपा बना रहे एजेंट

**कोरबा।** लोकसभा व विधानसभा चुनाव को काफी लंबा समय है, लेकिन अभी से ही कांग्रेस व भाजपा के कार्यकर्ता बूथों में जाकर एजेंट बना रहे हैं। जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान लगातार कई सेक्टर में जाकर बैठक ले चुके हैं। लगातार उनका क्षेत्र में दौरा हो रहा है। 837 एजेंट जिले में बनाए जाने हैं। इधर भाजपा के कार्यकर्ता भी बूथ एजेंट को लेकर आज से सक्रिय हो गए हैं। आज कटघोरा नगर मंडल के छुरी में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई है। इसमें वरिष्ठ नेता संजय शर्मा, अभिषेक गर्ग, समजीत सिंह, डेक्रांत देवांगन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।बूथों में सक्रिय कार्यकर्ताओं को लाने का प्रयास होगा। इसके लिए सभी मंडलों में अलग-अलग बैठक करने की तैयारी की जा रही है।

# रद्द करो ठेका, हम पकड़ेंगे मछली

### मछुआरा संघ ने डुबान में नौका चलाकर जताया विरोध



**कोरबा।** बुका जलविहार में शनिवार को आदिवासी मछुआरा संघ (हसदेव जलाशय) कोरबा के बैनर तले सैकड़ों की संख्या में मछुआरे एकत्र हुए। पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के बांगो बांध परियोजना से विस्थापित 52 गांवों के स्थानीय आदिवासी मछुआरों ने छत्तीसगढ़ सरकार की मत्स्य नीति 2022 के असंवैधानिक प्रावधानों का विरोध करते हुए हसदेव जलाशय की मत्स्य निविदा को तत्काल रद्द करने की मांग की।

छत्तीसगढ़ किसान सभा ने इस आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि बांगो डेम से प्रभावितों को ही मछली पालन का अधिकार मिलना चाहिए। किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने कहा कि 1980 के दशक में बने बांगो बांध से 58 आदिवासी गांव डूब क्षेत्र में आए थे। विस्थापितों को तब आश्वासन दिया गया था कि वे जलाशय में मछली पालन कर जीवन-यापन कर सकेंगे, लेकिन बाद में बांध को निजी ठेकेदारों को सौंपने का निर्णय सरकार ने ले लिया। इससे स्थानीय मछुआरे अपने ही जल पर मजदूर बन गए।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने मछुआरों की मांगें नहीं मानीं तो आंदोलन को सड़क तक ले जाया जाएगा। आदिवासी मछुआरा संघ (हसदेव जलाशय) के फिरतू बिंझवार ने कहा कि 2003 और 2022 की मत्स्य नीति में बड़े जलाशयों को मत्स्य महासंघ के माध्यम से ठेके पर देने का प्रावधान जारी है। यह नीति आदिवासियों के अधिकारों का हनन करती है। संघ ने कहा कि यह व्यवस्था तीन दशक से चल रही है और अब इसका विरोध व्यापक रूप से किया जाएगा। ग्राम केंदई के रामबलि और धजाक के अथनस तिर्की ने बताया कि 2015 में दिया गया ठेका जून 2025 में समाप्त हुआ, लेकिन मत्स्य महासंघ ने अब पुनः 10 वर्षों की नई निविदा 8 अक्टूबर 2025 तक जारी कर दी है। इस बार भी बांध को निजी ठेकेदार को सौंपने की तैयारी है। मछुआरों ने ठेका प्रथा के खिलाफ संघर्ष जारी रखने और रॉयल्टी आधारित मछली पालन की मांग दोहराई।

# भट्टी रोड में विवाद के बाद युवक से मारपीट, आंदोलन की धमकी



**कोरबा।** बालको प्लांट में काम करने वाले एक कांटेक्ट वर्कर से शनि ठाकुर सहित कुछ लोगों ने जमकर मारपीट की। महिला समिति और एक गैर राजनीतिक संगठन ने इस घटना को लेकर नाराजगी जताई है। कहां गया कि अगर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता है तो थाना के सामने प्रदर्शन किया जाएगा।

मारपीट करने वाले आरोपी में शनि ठाकुर को लेकर बताया गया कि वह तड़ीपार हो चुका है। आपराधिक पृष्ठभूमि वाले आरोपी खिलाफ के मामले पहले से दर्ज हैं। उसके साथ राजा ठाकुर सहित कई और लोग इस घटना में शामिल बताए गए। बालको नगर पुलिस ने नया रिश्ता क्षेत्र में हुई मारपीट की घटना को लेकर संबंधित के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा में अपराध पंजीकृत किया है। जानकारी मिली कि लालघाट शराब भट्टी के पास 3 अक्टूबर को 2.30 बजे के लगभग यह घटना हुई। इस क्षेत्र में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए लोग जा रहे थे। दोपहर 1.30 बजे सनी ठाकुर और उसके लोगों ने यहां बेमतलब विवाद की स्थिति पैदा की। लोगों ने डायल 112 को कॉल किया कुछ देर के बाद पुलिस यहां पहुंची और समझाने बुझाने के बाद उत्पाद करने वालों को भगा दिया। बताया गया कि इन्हीं तत्वों ने 1 घंटे बाद लाल घाट क्षेत्र में पहुंचकर छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के मंत्री के साथ गाली गलौज करते हुए जमकर मारपीट की। इस घटना में पीड़ित को सर, कान सहित अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई है। आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर क्रांति सेना के लिए काम करने वाले कुछ लोग पुलिस थाना पहुंचे और भड़ास निकाली। उनका कहना है कि अगर पुलिस अधिकारियों से कामकाज नहीं हो पा रहा है तो उन्हें और कुछ करना चाहिए। उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने की स्थिति में पुलिस थाना के सामने धरना प्रदर्शन करने का ऐलान किया।

### पोड़ी उपरोड़ा व पसान मंडल में हुआ शस्त्र पूजन

# 100 वर्षों में भारत के साथ अनेक देशों में पहुंचा संघ : पांडेय



**कोरबा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों तक अपना विस्तार जारी रहता है। यहां पर वर्ष की सुनिश्चित गतिविधियां तय की जा रही हैं। संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत कार्यक्रम जारी है। इस कड़ी में पोड़ी उपरोड़ा खंड और पसान मंडल में विजयादशमी पर्व का आयोजन किया गया। यहां शस्त्र पूजन संपन्न हुआ।

पोड़ी उपरोड़ा खंड के तानाखार, बिंझरा, तुमान और पोड़ीउपरोड़ा में विजयदशमीं पर शस्त्र पूजन किया गया। वहीं पसान मंडल में आयोजित कार्यक्रम में राजकुमार पांडेय मुख्य वक्ता रहे। शहीद भगत सिंह शाखा में आयोजित कार्यक्रम में श्री पांडेय ने अपनी बात रखी और कहा कि संघ ने 1925 में शून्य से शुरूआत की और 100 साल के बाद अब भारत सहित 100 से ज्यादा देशों में अपनी पकड़ बनायी। भारत में जहां संघ कार्य आरएसएस के नाम से चल रहे हैं वहीं विदेशों में हिन्दू संघ सेवक संघ के नाम से लोगों को संगठित किया जा रहा है। उन्होंने बीते 100 वर्षों के सफर को चार कालखंड में बांटा और उतार चढ़ाव को स्पष्ट किया।

आयोजित सभी कार्यक्रमों में खंड संघचालक, कार्यवाह, मुख्य शिक्षक सहित स्वयंसेवक और स्थानीय लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बताया गया कि आगामी दिनों में ग्रामीण क्षेत्र के अनेक स्थानों पर उत्सव आयोजित होंगे।

## बायोमेट्रिक प्रणाली से हाजिरी लगाने कसावट शुरू

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा प्रोजेक्ट के सभी विभागों में बायोमेट्रिक प्रणाली से हाजिरी लगाने के लिए कहा गया है, अगर हाजिरी नहीं लगता है तो उनके वेतन से पैसे काटे जाएंगे। जेसीसी सदस्यों को भी बुलाकर कहा गया है कि विभागों में जाकर जनजागरण अभियान चलाएं। इसके बाद से जेसीसी सदस्य शेख चांद मंसूरी, अनुज राम, छंदराम राठौर, कुलदीप कुमार सहित अन्य सदस्य लगातार विभागों में जाकर जनजागरण अभियान चला रहे हैं। इसके बावजूद भी एक विभाग में कामगार बायोमेट्रिक प्रणाली से हाजिरी नहीं लगा रहे थे। जहां अधिकारियों ने पहुंचकर कर्मचारियों को समझाया। अब आज के बाद से बायोमेट्रिक प्रणाली से हाजिरी नहीं लगवाने वाले कामगारों को नोटिस मिलने का सिलसिला शुरू हो जाएगा और उनके वेतन से भी पैसे काटे जाएंगे।

# झुंड से अलग हुए लोनर ने ढलकुंडा में मकान तोड़ा


### पसान रेंज में हाथियों का आतंक जारी



**कोरबा।** जिले के कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज अंतर्गत तनेरा सर्किल में हाथियों का आतंक व उत्पात लगातार जारी है। यहां के बीजाडांड क्षेत्र में विचरण कर रहे 52 हाथियों के दल में से एक लोनर हाथी बीती रात लगभग 2 बजे झुंड से अलग होकर हरदेवा ग्राम पंचायत के ढलकुंडा गांव पहुंच गया और श्यामकली नामक एक महिला के कच्चे मकान को निशाना बनाते हुए उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। लोनर ने जिस समय महिला के घर को निशाना बनाया उस समय महिला व उसका परिवार घर में ताला लगाकर अन्य स्थान पर शरण लेने चला गया था। लोनर ने सूने घर पर हमला बोला और उसके एक हिस्से को ढहा दिया। हाथी द्वारा घर तोड़े जाने की जानकारी आज सुबह महिला को तब लगी जब वह अपने घर पहुंची तो उसे टूटा हुआ पाया। पास में हाथी के पैरों के निशान थे। उसने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी, जिस पर वन अमला मौके पर पहुंचकर नुकसानी के आंकलन में जुट गया है। इस बीच हाथियों के दल ने बीजाडांड, सूखाबहरा व अन्य स्थान पर उत्पात मचाते हुए 20 ग्रामीणों के धान फसल को बुरी तरह तहस-नहस कर दिया है। पीड़ित ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी है। जिस पर उसके अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर नुकसानी के आंकलन में जुट गए हैं। पसान रेंज के ही सेन्हा गांव में दो दंतैल हाथी विचरण कर रहे हैं। इन हाथियों ने भी यहां उत्पात मचाते हुए चार ग्रामीणों के धान फसल को नष्ट कर दिया है।

इस बीच कोरबा वनमंडल के करतला रेंज में अचानक धमके हाथियों ने एक बार फिर छाल रेंज का रूख कर लिया है। इस क्षेत्र में दो हाथी कल पहुंचे थे और नोनदरहा गांव के जंगल में विचरण कर रहे थे। हाथियों ने दिन भर यहां डेरा डालने के बाद रात में मूवमेंट किया और जंगल ही जंगल होते हुए सुबह होने से पहले छाल रेंज पहुंचकर वहां विचरण करने लगा है। हाथियों के छाल पहुंचने की सूचना संबंधित अमले को दे दी गई है।

# अधिकारी नहीं पहुंचे, ग्रामसभा और आगे टली



**कोरबा।** साउथ इस्टर्न कोलफील्डस लिमिटेड दीपका क्षेत्र के विस्तार को लेकर कवायद के बीच हरदीबाजार से जुड़ मसले पर ग्रामसभा टल गई। इसके लिए आज का दिन तय किया गया था। एसडीएम और तहसीलदार के नहीं पहुंचने से अब अगली तारीख की प्रतीक्षा की जा रही है।

इससे पहले 2 अक्टूबर को हरदीबाजार में हुई ग्राम सभा में लोगों ने मुआवजा और दूसरी सुविधाओं को सुनिश्चित किये बिना नहीं करने देने का प्रस्ताव पारित किया। इस मौके पर और भी कई निर्णय लिए गए। लोगों ने कहा राष्ट्र निर्माण में हम निश्चित रूप से भागीदारी करेंगे लेकिन पुस्तैनी जमीन देने के मामले में किसी भी जबरिया कोशिश का पुरजोर विरोध होगा। ग्रामीणों ने दीपका सीजीएम संजय मिश्रा और इसी कंपनी के नोडल आफिसर अधिग्रहण नितेश मधु को हटाने की मांग की। इधर पहले के प्रदर्शन और गतिरोध को देखते हुए 4 अक्टूबर को त्रिपक्षी वार्ता हरदीबाजार में करने का निर्णय हुआ है। खबर है कि अधिग्रहण के सिलसिले में गेवरा क्षेत्र में काम हो रहा है। पुलिस की फोर्स वहां भेजी गई है। अधिकारी भी व्यस्त है। इसलिए हरदीबाजार की विशेष सभा टाल दी गई। कहा जा रहा है कि कोयला खदानों से उद्योगों की जरूरतें पूरी की जानी है। राजस्व में बढ़ोतरी का काम भी इसी के जरिये होना है। इसलिए प्राथमिकता के तौर पर खदानों से जुड़े कार्यों को कराया जा रहा है।

### बार-बार हो रहे मंत्री व अधिकारियों के दौरे

कोयला खदानों के संचालन में आ रही सभी तरह के बाधाओं को दूर करने पर सरकार का ध्यान है। उसने सबसे ज्यादा वरीयता इस प्रकार की परियोजनाओं को दे रखी है। इसलिए कोरबा जिले में खदानों से जुड़े मसलों को दूर करने पर ध्यान दिया जा रहा है। पिछले दिनों जी किशन रेड्डी का दौरा हुआ। उसके बाद कोयला राज्यमंत्री भी इस क्षेत्र में पहुंचे। जबकि भारत सरकार ने कोल मंत्रालय के सचिव से लेकर दूसरे स्तर के अधिकारी लगातार यहां आने के साथ राज्य शासन से समन्वय बनाने में लगे हैं। उनका कहना है कि सरकार के फ्लैगशिप योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए राज्य का सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

## सैकड़ो लोग शामिल हुए साइकिल थन 2025 में

**कोरबा।** स्वस्थ जीवन और पर्यावरण सुरक्षा की थीम पर कोरबा जिले में साइकिल टन 2025 का आयोजन शनिवार को किया गया।। प्रशासन पुलिस नगर निगम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी अनेक सामाजिक और अन्य संगठनों के लोगों ने इसमें भागीदारी की। ट्रांसपोर्ट नगर चौराहे से साइकिलिंग करते हुए लोगों ने बालको नगर होकर कॉफी प्वाइंट तक का रास्ता तय किया। मौके पर पर्यावरण सुरक्षा को लेकर कई कार्यक्रम किए गए। मुख्य रूप से प्लास्टिक को बायकाट करने का आवाहन किया गया।

# सीएमडी से मिला आश्वासन

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व केंद्रीय कर्मशाला में कल एसईसीएल के सीएमडी का आगमन हुआ था। वे एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए हुए थे। इस दौरान यूनियन प्रतिनिधियों ने उनसे जाकर मुलाकात की और उन्हें बताया कि यहां किसी समय में 2000 से अधिक कामगार काम करते थे। कोई काम की कमी यहां पर नहीं थी। लेकिन वर्तमान में मैन पावर काफी कम हो गया है और उसके हिसाब से काम भी नहीं है। सीएमडी से मिलने गए दिलीप सिंह, राजेश पांडेय, संतोष टंडन, भागवत साहू व राजेंद्र यादव ने कहा कि दो-तीन महीने से संडे ड्यूटी भी नहीं मिल रहा है। यहां के कामगार हर कार्य को करना चाहते हैं। सीएमडी ने आश्वासन दिया कि कोरबा के केंद्रीय कर्मशाला के गौरवशाली इतिहास को पुनः दोहराया जाएगा और मटेरियल भेजे जाएंगे। यहां पर किसी भी काम की कमी नहीं होगी। इसके अलावा उन्होंने संडे ड्यूटी के मामले को भी काफी गंभीरता से लिया है और कहा है कि आने वाले दिनों में काम के साथ-साथ संडे ड्यूटी भी मिलेगा।





**उत्साह के साथ दुर्गा प्रतिमाएं विसर्जित :** नगर में 10 दिन तक शारदीय नवरात्र पर्व की धूम रही। दशहरा के बाद पूजा पंडालों से प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुरू हुआ। परंपरा के तहत महिलाओं ने आदिशक्ति की पूजा अर्चना कर आरती की। पूर्व की संस्कृति को ध्यान में रखकर अनेक स्थानों पर सिंदूर खेला की परंपरा भी तय हुई। प्रतिकूल मौसम के बावजूद उत्साहित माहौल में गाजे-बाजे के साथ प्रतिमाओं को शोभायात्रा के साथ भ्रमण कराया गया, फिर उनका विसर्जन हुआ। शारदा विहार आवासीय परिसर में शोभायात्रा का नजारा शहर में प्रतिमा विसर्जन का कार्य अगले दो दिन तक और चलेगा।

# दमा का दम निकाल देगी चित्रकूट की यह औषधि

**कोरबा।** शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर स्वस्थ भारत-समृद्ध भारत अभियान एवं चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत श्वास दमा (कफज) रोगियों के लिए विशेष आयुर्वेदिक परामर्श एवं उपचार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर दिनांक 06 अक्टूबर 2025, सोमवार को प्रातः 10 बजे से पतंजलि चिकित्सालय, श्री शिव औषधालय, महानदी कॉम्प्लेक्स, निहारिका रोड, कोरबा (छत्तीसगढ़) में आयोजित होगा।

इस विशेष अवसर पर चित्रकूट की प्रसिद्ध दिव्य औषधि जो श्वास दमा रोग में अत्यंत लाभकारी मानी जाती है का निशुल्क वितरण किया जाएगा। साथ ही रोगियों को औषधि सेवन की विशेष विधि, नियमों एवं पथ्य-अपथ्य की जानकारी दी जाएगी और संबंधित पत्रक भी निःशुल्क वितरित किया जाएगा।यह विशेष निशुल्क चिकित्सा शिविर लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, विश्व हिंदू परिषद, आरोग्य भारती एवं आयुष मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। शिविर में आयुर्वेदिक, नेचुरोपैथी, पंचकर्म, षटकर्म, योग एवं ग्रह चिकित्सा के माध्यम से श्वास रोगों सहित स्त्री, पुरुष एवं बच्चों के सभी प्रकार के सामान्य, कष्टसाध्य और असाध्य रोगों का निःशुल्क परीक्षण, परामर्श एवं उपचार किया जाएगा। इस अवसर पर अंचल के सुप्रसिद्ध अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ श्री शिव औषधालय के संस्थापक नाड़ीवैद्य पंडित शिव कुमार शर्मा,नाड़ीवैद्या डॉ. वागेश्वरी शर्मा, एवं नाड़ी वैद्य डॉ. नागेंद्र नारायण शर्माविशेष रूप से अपनी चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान करेंगे।

## गोंड़वाना महासभा की बैठक कल

**कोरबा।** गोंडवाना समाज की एकता, संगठन और सामाजिक उत्थान की दिशा में कार्यरत गोंड़वाना गोड़ महासभा रतनपुर पालीगढ़ द्वारा आगामी त्रैमासिक बैठक का आयोजन 5 अक्टूबर रविवार को प्रमंडल भवन, लोटनापारा,महासभा केंद्र जेवरा में किया जाएग।

**फ्लैट बेचना है**


बुधवारी बाजार घंटाघर रोड स्थित पावर हाइट सोसायटी में 3 बीएचके सेमी फर्निश्ड फ्लैट बेचना है।

संपर्क करें

मो. 8770934804






स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com